रोहतक

बुधवार, 3 सितंबर 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 214
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 31.0
न्यून. 22.6


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,157.88 | 206.61 ▼ |
| निफ्टी | 24,579.60 | 45.45 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,06,070/- | 400/- ▲ |
| चांदी | 1,26,100/- | 100/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.18 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 69.36 बैरल | 1.72% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

**भारी बारिश कर रही बर्बाद** — यमुना, घग्गर, मारकंडा व टांगरी नदी खतरे के निशान पर, कई गांवों में घुसा पानी, फसलें डूबीं

**अगले 36 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी,** 6 जिलों में कुछ क्षेत्रों के स्कूल बंद, गुरुग्राम में 4 अंडर पास बंद, वर्क फ्रॉम होम के आदेश

## बढ़ रहा संकट

**मारकंडा : 29778** क्यूसिक पानी बह रहा, 18 गांवों में घुसा पानी, फसलें बर्बाद, आमजन परेशान

**यमुना :** शाम 6 बजे हथनीकुंड बैराज से 1.51 लाख क्यूसिक पानी छोड़ा निचले क्षेत्रों में तबाही सैकड़ों गांव प्रभावित

**घग्गर :** फतेहाबाद में 14,000 क्यूसिक बहाव दर्ज, गुहला में 44,484 क्यूसिक पानी, भूना क्षेत्र के कई गांव और सड़कें जलमग्न, 50,000 एकड़ फसल प्रभावित

**टांगरी :** अंबाला में 11000 क्यूसिक पानी बह रहा, खतरे के निशान से नीचे लेकिन लोगों को डरा रही, बढ़ी परेशानी

(पैकेज पेज-5 पर)



**सरकार ने दिए नुकसान के आकलन के आदेश**

प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सभी विभाग को जल्द बारिश और जलभराव के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। नुकसान की भरपाई की जाएगी। अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर काम पूरा करें।

# बरसात से आफत, नदियों से दहशत

हिसार में 04, गुरुग्राम में 01 की मौत ▶▶ पंचकूला-सहारनपुर में हाईवे धंसा ▶▶ सिरसा में कई मकानों की छत गिरी ▶▶ जम्मू जाने वाली ट्रेनें 30 तक रद्द

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सभी नदियां उफान पर हैं। यमुना, घग्गर, टांगरी और मारकंडा लगातार तबाही मचा रही हैं। अब तक ढाई लाख एकड़ से अधिक फसल जलमग्न हो गई है। लोगों में दहशत बनी हुई है। अकेले फतेहाबाद में 50,000 एकड़ में फसलें पानी में डूबी हुई हैं। मंगलवार को प्रदेश में 5 लोगों की मौत हो गई। हिसार में करंट लगने तीन, मकान के मलबे में दबने से एक और गुरुग्राम में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुबह से हिसार, रोहतक, पानीपत, यमुनानगर, करनाल, जींद, झज्जर और चरखी दादरी में रुक-रुककर बारिश हो रही है। भिवानी, गुरुग्राम, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कुछ स्कूल बंद रहे। मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश में 3 सितंबर को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, 4 और 5 सितंबर को दक्षिण हरियाणा के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

### कहां कितना नुकसान

- यमुनानगर के कलानौर में पंचकूला-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर यमुना नदी के ऊपर बने पुल की अप्रोच करीब 4 इंच धंस गई है। एनएचएआई ने पुल पर बैरिकेडिंग कर एक साइड को बंद कर दिया है। उधर, हथिनीकुंड बैराज पर पानी का लेवल धीरे-धीरे कम हो रहा है।
- गुरुग्राम के महावीरपुरा में व्यक्ति की करंट से मौत हो गई। गुरुग्राम में 4 अंडरपास आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए हैं। कल यहां दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का आदेश जारी किया गया।
- हिसार में 11000 वोल्ट की हाईटेंशन तार टूटकर बाइक सवार 4 युवकों पर गिर गई। इस हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक मकान की छत गिरने से महिला रायशा की मौत हो गई।



- हिसार में 2 नेशनल हाईवे, कोटपुतली-बठिंडा नेशनल हाईवे-148बी और हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे नंबर- 52 पानी में डूब गए हैं। अंग्रेजों के जमाने की 150 साल पुरानी बिल्डिंग गिर गई।
- यमुना से यमुनानगर, सोनीपत व करनाल के गई गांवों के खेतों जमीन का कटाव शुरू।
- सिरसा के जोड़किया व पोहड़का गांव में भी देर रात 3 अलग-अलग मकानों की छत गिर गई, जिसमें 2 युवकों को चोटें आई हैं। वहीं, चरखी दादरी के गांव रानीला में मकान गिर गया। ये मकान कई दिन से बंद था।

#### 20 के बाद विदा लेगा मानसून

बुधवार 3 सितंबर तक प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है परंतु 4 सितंबर से मानसून की गतिविधियों में थोड़ी कमी आएगी। 6 सितंबर के दौरान कहीं कही हल्की बारिश संभावित है। इस दौरान वातावरण में नमी बने रहने तथा तापमान में हल्की गिरावट रहने की संभावना है। वहीं इस बार मानसून 20 सितंबर तक बने रहने की संभावना है। इसके बाद मानसून विदा हो जाएगा।

**-डॉ मदन खीचड़ विभागाध्यक्ष,**
कृषि मौसम विज्ञान विभाग, हकृवि

### लगातार बढ़ रहा घग्गर का जलस्तर, प्रशासन अलर्ट

फतेहाबाद शहर को छोडक़र भूना, टोहाना, कुलां में मंगलवार को भारी बरसात हुई। इन क्षेत्रों में हालात बाढ़ जैसे हो गए हैं। चांदपुरा साइफन पर घग्गर के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। यहां 14,000 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया, जबकि गुहला में जलस्तर 44,484 क्यूसिक रहा। तटवर्ती क्षेत्रों में बसे लोगों और प्रशासन की धडक़नें बढ़ गई है। भूना-कुलां-चण्डीगढ़ मार्ग पर 4-4 फुट पानी भर गया। यह मार्ग बंद करना पड़ा। बरसात के कारण 50,000 एकड़ में जलभराव हो गया। रतिया-कुलां मार्ग पर सड़क टूटने से आवागमन बंद हो गया। बारिश ऐसे होते रही तो अगले 24 घंटे में फतेहाबाद से चण्डीगढ़ मार्ग पर आवाजाही बंद हो सकती है। उधर, जिला प्रशासन ने चांदपुरा, साधनवास और सिधानी में धारा 163 लगा दी हैं, जिसके तहत किसी भी प्रकार के भारी वाहन यहां से नहीं गुजरेंगे।

## खबर संक्षेप

### बजट तैयार करने की प्रक्रिया नौ अक्टूबर से

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से 2026-27 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। अगले वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को 8% से अधिक की सतत वृद्धि दर पर लाने के लिए मुद्दों पर ध्यान देना होगा। अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। भाषा

### सजा में छूट मिलना वैधानिक अधिकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नाबालिगों से सामूहिक बलात्कार के मामलों में शेष जीवन के लिए आजीवन कारावास की सजा पाए दोषियों के सजा में छूट मांगने के अधिकार को रेखांकित करते हुए कहा कि यह न केवल संवैधानिक, बल्कि वैधानिक अधिकार भी है। कोर्ट धारा 376डीए 16 वर्ष से कम उम्र की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की सजा से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। भाषा

## अफगानिस्तान में फिर लगे झटके अब तक 1411 लोगों की जान गई

**5.5 तीव्रता का भूकंप, तालिबान ने दुनियाभर से मांगी मदद**

**जलालाबाद (भाषा)।** अफगानिस्तान में मंगलवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1411 से ज्यादा हो गई है और 3,250 लोग घायल हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर मंगलवार को यह जानकारी दी। जीवित बचे लोगों की तलाश में इलाके में बचाव दल का तलाश अभियान जारी है। रविवार देर रात को पर्वतीय क्षेत्र में आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से गांव तबाह हो गए।

**ब्रिटेन ने 10 लाख पाउंड देने का आश्वासन दिया**

अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया, ''घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए ये आंकड़े बदल सकते हैं। तालिबान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है। ब्रिटेन ने 10 लाख पाउंड (13 लाख अमेरिकी डॉलर) की आपात धनराशि देने का वादा किया है।

**भारत ने खाद्य सामग्री और टेंट भेजे**

भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 21 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी।

**राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा केस**

### राष्ट्रपति के मामले में संविधान की व्याख्या करेंगे : शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली(भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संविधान की व्याख्या सिर्फ राष्ट्रपति के मामले में करेगा, किसी राज्य या व्यक्ति से जुड़े मामलों में नहीं। कोर्ट ने यह टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाले मामले में की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना या कर्नाटक जैसे राज्यों का उदाहरण देंगे, तो केंद्र को जवाब दायर करना होगा। इस पर सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा-हम केवल संविधान की धाराओं को देखेंगे।

**637 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी मामला**

### दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गोवा व पश्चिम बंगाल में ईडी के छापे

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 637 करोड़ के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के दो मामलों की जांच के सिलसिले में अलग-अलग कार्रवाई में मंगलवार को दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गोवा में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 'अरविंद रेमेडीज' कंपनी और उसके प्रवर्तक अरविंद बी. शाह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तमिलनाडु के चेन्नई और कांचीपुरम, कोलकाता और गोवा के कुछ परिसरों पर छापेमारी की गई।

**संबोधन** सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन में बोले मोदी, हमारी जीडीपी अनुमान से बेहतर

*हमारी यात्रा देर से शुरू हुई लेकिन अब हमें कोई नहीं रोक सकता, सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने को तैयार*

## भारत की छोटी सी चिप दुनिया में लाएगी सबसे बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 'बेजान अर्थव्यवस्था' के कटाक्ष का परोक्ष रूप से खंडन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी और वैश्विक अनिश्चितताओं एवं आर्थिक स्वार्थ से प्रेरित चुनौतियों के बीच सभी अनुमानों को पार कर गई है। 'सेमीकॉन इंडिया 2025' सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अप्रैल-जून में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि 'हर उम्मीद, आशा एवं अनुमान' से बेहतर रही। मोदी ने कहा, हमारी यात्रा देर से जरूर शुरू हुई है, लेकिन अब हमें कोई नहीं रोक सकता। 'आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा कर रही है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है।' भारत की छोटी सी चिप अब दुनिया में सबसे बड़ा बदलाव लेकर आएगी।

**7.8% की ग्रोथ हासिल की**

मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक तरफ जब दुनिया भर की इकोनॉमी में चिंताएं हैं। आर्थिक स्वार्थ से पैदा हुई चुनौतियां हैं। उस माहौल के बावजूद भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8% की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है। यह वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, कृषि और निर्माण सहित हर सेक्टर दिखाई दे रही है।'



**सभी निवेशकों का स्वागत**

'भारत अब बैकएंड से निकलकर एक फुल-स्केल सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर है। हम सभी निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। वो दिन दूर नहीं, जब दुनिया कहेगी, डिजाइन्ड इन इंडिया, मेड इन इंडिया एंड ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड। डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया, यही भविष्य की पहचान होगी।'

**चिप्स डिजिटल डायमंड**

पीएम ने कहा, 'सेमीकंडक्टर की दुनिया में कहा जाता है कि ऑयल ब्लैक गोल्ड था, लेकिन चिप्स डिजिटल डायमंड हैं। पिछली सदी में दुनिया का भविष्य तेल के कुएं से तय होता था, लेकिन 21वीं सदी की शक्ति एक छोटी सी चिप में सिमट गई है। यह चिप भले ही छोटी है, लेकिन इसमें दुनिया के विकास को गति देने की ताकत है।'




## खबर संक्षेप

### आयुष विभाग के डॉक्टर भी एमटीपी किट पर नजर रखें

चंडीगढ़। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने आयुष विभाग के डॉक्टरों को भी निर्देश दिए कि वे अवैध रूप से बिकने वाली एमटीपी ( मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी) किट के मामले में नजर रखें। वे यहां लिंगानुपात में सुधार से संबंधित स्टेट टास्क -फोर्स की साप्ताहिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुधीर राजपाल ने आयुष डॉक्टरों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने आस-पास के चार -चार गांवों में ध्यान रखें कि 12 सप्ताह से अधिक समय के गर्भ वाली कोई गर्भवती महिला अवैध रूप से गर्भपात न करवा लें।

### गुम हुए 4 हजार मोबाइल फोन पुलिस ने मालिकों को दिलवाए

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के जरिये मोबाइल फोन ट्रेसिंग में इस वर्ष सफलता दर्ज की है। 1 जनवरी से 31 जुलाई की अवधि में लगभग 4 हजार मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए। गुरुग्राम में सर्वाधिक 1,195 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को वापस लौटाए गए। सोनीपत ने इस क्षेत्र में 609, यमुनानगर में 288 मोबाइल फोन लौटाए गए। हिसार, रेवाड़ी, सिरसा और पलवल जैसे जिलों ने भी इस पहल को और मजबूत बनाया है।

### बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ बनाना लक्ष्यः राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि राज्य का हर बच्चा व हर महिला पूरी तरह स्वस्थ और सशक्त बने। "कृमि मुक्त हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा" का सपना तभी साकार होगा जब समाज की मूल शक्ति यानी महिलाएं और बच्चे पूर्णतः स्वस्थ होंगे। उन्होंने आज मॉप-अप दिवस पर कहा कि बच्चों, किशोर-किशोरियों एवं प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को कृमि संक्रमण से मुक्त करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मदद के लिए बढ़ाए हाथ

# बाढ़ प्रभावित पंजाब और जम्मू-कश्मीर को हरियाणा सरकार ने 5-5 करोड़ रुपये दिए

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आखिरकार बड़ा दिल दिखाते हुए पंजाब और जम्मू-कश्मीर में भीषण बारिश और बाढ़ आपदा को ध्यान में रखते हुए दोनों प्रदेशों के लिए पांच-पांच करोड़ की राशि भेजी है। हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री सैनी का यह बड़ा कदम है। उन्होंने पांच दिन पहले एक पत्र लिखकर पंजाब को बड़ा भाई बताते हुए मदद की पेशकश की थी। इस क्रम में मंगलवार को दोनों प्रदेशों के लिए मदद की राशि भी ट्रांसफर कर दी गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब और जम्मू कश्मीर में बने हालात को लेकर चिंता जाहिर की है, साथ ही कहा कि उन्हें जानमाल के लिए हुए नुकसान का बेहद दुख है। उन्होंने कहा कि पांच करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। पत्र में साफ कर दिया है कि कोई भी सहायता चाहिए, तो हरियाणा हर समय तैयार है। किसी भी वक्त राज्य के मुख्य सचिव रस्तौगी से संपर्क किया जा सकता है।

### सीएम सैनी ने कहा संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ



सीएम ने कहा है कि हरियाणा सरकार और प्रदेश की जनता प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मात्र पंजाब ही नहीं बल्कि जम्मू-कश्मीर के लिए भी 5 करोड़ की सहायता राशि भेज दी गई है। ये मदद राहत और बचाव कार्यों में सहायक होगी और प्रभावित परिवारों तक पहुँचाने में मदद करेगी। सरकार का यह प्रयास है कि ज़रूरत पड़ने पर आगे भी सहयोग किया जाए। पीड़ित परिवारों को हरियाणा उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर हैं और कठिन समय में सब मिलकर इस आपदा का डटकर सामना करेंगे। सभी को एकजुट होकर संकट को पार करने होंगे।

### पांच रोज पहले मदद की पेशकश की थी

सीएम ने पांच रोज पहले भी एक पत्र भेजा था, जिसमें पंजाब में बाढ़ बचाव राहत कार्यों के लिए मदद की पेशकश की थी। नायब सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर पीड़ित परिवारों को लेकर चिंता जताई थी। साथ ही कहा था कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है। पंजाब सरकार को हरियाणा सरकार से किसी भी तरह की मदद की जरूरत है, तो बताने में संकोच नहीं करें।

### 1984 दंगा पीड़ित 121 परिवारों के एक-एक सदस्य को नौकरी दी

हरियाणा सरकार ने गत दिनों विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे राज्य के 121 परिवारों से एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का मास्टर स्ट्रोक चला था। हालांकि चुनावों को ध्यान में रखते हुए विपक्ष भाजपा पर हमला बोल रहा था। लेकिन पंजाब के सामने हरियाणा सरकार ने चुनौती पैदा कर दी हैं। हालांकि एसवाईएल के पानी नहीं दिए जाने को लेकर पंजाब से हरियाणा की कई दशकों से खींचतान चल रही है।

### पंजाब में एक साल बाद चुनाव सक्रिय हैं मुख्यमंत्री सैनी

बता दें कि पंजाब में करीब एक साल बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा ने नायब सिंह सैनी को पंजाब में गतिविधियां बढ़ाने के संकेत दिए हुए हैं। हरियाणा सीएम पंजाब के विभिन्न जिलों और इलाकों में दौरे करने के साथ ही सुख दुख भी साझा करने में लगे हुए हैं। जिससे आम आदमी पार्टी के नेताओं में बेचैनी देखी जा रही थी। सैनी पिछले छह माह के दौरान आधा दर्जन से अधिक बार पंजाब के विभिन्न जिलों और धार्मिक स्थलों का दौरा कर चुके हैं।

### सैनी का दिल्ली-गुरुग्राम दौरा

*मुख्यमंत्री नायब सैनी का तीन दिनों का दिल्ली में दौरा है। इसके साथ ही गुरुग्राम में जलभराव और घंटों घंटों के जाम से होने वाली परेशानी का मामला भी चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम में जोरशोर से चर्चा का विषय बना हुआ है। मंगलवार की शाम दिल्ली पहुंचकर सीएम वरिष्ठ नेताओं के साथ में चिंतन मंथन करेंगे। तीन और चार सितंबर को दिल्ली में जीएसटी कांफ्रेंस में हिस्सा लेंगे। काउंसिल की 56वीं बैठक में शामिल होंगे। दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में होगी दो दिवसीय जीएसटी काउंसिल बैठक, जिसमें सीएम के साथ में राज्य के वरिष्ठ अफसर भी दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं। 5 सितंबर को गुरुग्राम में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता भी सीएम करेंगे। इस दौरान शहर के हालात और आने वाले वक्त की चुनौतियों के साथ साथ में जलभराव आदि को लेकर भी एक बार फिर से समीक्षा होगी। 5 को गुरुग्राम में मेट्रो रेल विस्तार के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सैनी मुख्य अतिथि होंगे।*

## मंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की और हालात पर चिंता जताई

# मंत्री रणबीर गंगवा ने नुकसान के आकलन के निर्देश दिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को बारिश और जलभराव के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि नुकसान की भरपाई की जाएगी। इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। हिसार जिला के गांव भगाणा में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अधिकारियों द्वारा किए जा रहे जल निकासी प्रबंधों की भी समीक्षा की। मंत्री गंगवा अभी तक 81 गांवों में हुए नुकसान के लिए किसानों से क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए जा रहे हैं। पोर्टल पर 10 हजार 266 किसानों ने फसल खराबे का 65 हजार 235 एकड़ रकबा दर्ज किया है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आपदा के इस समय में सरकार की संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस आपदा से निपटने के लिए पूर्ण गंभीरता और संसाधनों के साथ निरंतर कार्य करने की हिदायत दी गई है।



### बारिश को लेकर सरकार पूरी तरह अलर्ट : डॉ. शर्मा

**चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हो रही भारी बारिश के चलते लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की मदद करें और जहां भी जलभराव की सूचना मिले, तुरंत मौके पर पहुंचकर पानी निकासी की व्यवस्था करें। उन्होंने जिला अधिकारियों से स्टेटस रिपोर्ट मांगी और कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहें।



# हरियाणा एडीए भर्ती पर हाईकोर्ट की सख्ती, सरकार को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

हरियाणा असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी भर्ती प्रक्रिया में हाल ही में किए गए बदलाव पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस याचिका पर जारी हुआ है जिसमें परीक्षा के सिलेबस को अचानक बदलने को चुनौती दी गई है। दरअसल, पहले एडीए की स्क्रीनिंग परीक्षा का पाठ्यक्रम मुख्य रूप से कानूनी विषयों पर आधारित था, लेकिन अब इसे पूरी तरह सामान्य ज्ञान आधारित कर दिया गया है। नए सिलेबस में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाएं, भारत का इतिहास, भारतीय एवं विश्व भूगोल, भारतीय संस्कृति, भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था, सामान्य मानसिक क्षमता, तर्कशक्ति, अंकगणित, डाटा इंटरप्रिटेशन तथा हरियाणा सामान्य ज्ञान एवं इतिहास जैसे विषय शामिल किए गए हैं। वहीं, कानून से जुड़े विषयों को हटा दिया गया है। जस्टिस संदीप मौदगिल ने हरियाणा सरकार, हरियाणा लोक सेवा आयोग और अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता, जो कि एक विधि स्नातक हैं, ने दलील दी है कि परीक्षा का पैटर्न बिना किसी तार्किक आधार के बदला गया है। भर्ती नियमों के तहत परामर्श के बिना यह बदलाव किया गया।

### परीक्षा का सिलेबस बदलने को चुनौती

याचिका में यह भी कहा गया कि नया सिलेबस प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं के साथ अन्याय करता है, क्योंकि वे कानून विषय में बेहतर ज्ञान रखते हैं, लेकिन सामान्य ज्ञान और अंकगणितीय क्षमता की परीक्षा में उन्हें कठिनाई हो सकती है। इस प्रकार, यह बदलाव उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर सकता है।

# 315 करोड़ रुपये से किया जाएगा माइनरों का कायाकल्प

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता बैठक में दी मंजूरी

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं कारगर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की एक अहम बैठक में राज्य में माइनर्स के व्यापक रीमॉडलिंग कार्य योजना को मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत लगभग 54 अलग - अलग परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा और इस पूरी परियोजना पर लगभग 315 करोड़ की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के तहत नहरों की गहराई, चौड़ाई एवं ढांचे को आधुनिक तकनीक से सुदृढ़ किया जाएगा।



### 30 कैनाल का पुनर्वास, 24 की रिमॉडलिंग की जाएगी

सीएम ने बताया कि परियोजना के तहत 30 कैनाल का पुनर्वास तथा 24 कैनाल की रिमॉडलिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की फसलों को पर्याप्त सिंचाई जल मिलेगा, भूमिगत जल स्तर पर दबाव कम होगा और प्रदेश में कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या पर भी काबू पाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

### इन जिलों को मिलेगा लाभ

परियोजनाओं के तहत माइनरों के किनारों को मजबूत और ऊँचा करना, लाइनिंग की मरम्मत व पुनर्वास, पाइप लाइन बिछाना, हेड रेगुलेटर, साइफन, पुलिया और आउटलेट की मरम्मत इत्यादि कार्यों को किया जाएगा, जिससे लीकेज खत्म होगी और पानी की बचत भी होगी तथा संभावित क्षेत्रों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इनसे भिवानी, रोहतक, जींद, चरखी दादरी, रेवाड़ी, सोनीपत और करनाल जिलों को लाभ मिलेगा। यह भी बताया गया कि इन कार्यों को नाबार्ड की सहायता से क्रियान्वित किया जाएगा।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद करे सरकार तुरंत राहत कार्य शुरू हों : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा के आधे से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका है। इसलिए सरकार को हाथ पर हाथ रखकर बैठने की बजाय सक्रिय होकर राहत कार्य शुरू कर देना चाहिए। जल निकासी और बाढ़ प्रभावित इलाकों में सहायता पहुंचाने के लिए सरकारी अमले को मुस्तैद करने की सख्त आवश्यकता है। हुड्डा ने कहा कि मानसून से पहले ही कांग्रेस ने सरकार को बार-बार चेताया था और ऐसे हालात के लिए पहले से ही तैयार रहने की नसीहत दी थी।



## प्रदेश में बाढ़ जैसे हालात, सरकार दोषारोपण में व्यस्त : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने हरियाणा और पंजाब में बाढ़ से बिगड़ते हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता खेतों, घरों और सड़कों में पानी भरने से परेशान है, लेकिन हरियाणा और पंजाब सरकार राहत कार्यों में गंभीरता दिखाने की बजाय भाखड़ा के पानी को लेकर एक-दूसरे पर बयानबाजी कर रही हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि इस समय पहली प्राथमिकता लोगों को राहत पहुंचाना और जान-माल की सुरक्षा करना होना चाहिए। लेकिन दोनों राज्यों के मंत्री केवल पानी छोड़ने और रोकने पर वाद-विवाद कर रहे हैं।



## चंडीगढ़ में एक बार ही मिलेगा आउट ऑफ टर्न आवास आबंटन का लाभ

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन में आउट ऑफ टर्न आवास आबंटन का लाभ किसी आवेदक को केवल एक बार ही दिया जाएगा। अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी एक बार इस सुविधा का लाभ ले चुका है तो उसे पुनः इसका लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि, यदि वह स्थानांतरण के चलते गैर-पात्र कार्यालय में जाने पर आवास को वापस कर देता है और बाद में पुनः उसका किसी पात्र कार्यालय में स्थानांतरण हो जाता है, तो वह इसका लाभ ले सकता है। चंडीगढ़ प्रशासन ने इस सम्बन्ध में हरियाणा के मुख्य सचिव को एक पत्र में संशोधन अधिसूचना जारी की गई है। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने हक से नीचे की श्रेणी के सरकारी आवास में रह रहा है तो उच्च श्रेणी के आवास के लिए आउट ऑफ टर्न आबंटन पर विचार किया जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल में किया अखिल भारतीय महापौर परिषद की सभा का शुभारंभ

# 21 राज्यों के 70 से अधिक मेयर पढ़ेंगे स्वच्छता-विकास का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हम सभी को सफाई और स्वच्छता पर ध्यान देना होगा, तभी भारत स्वच्छता में कमाल कर पाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि महापौर पार्षदों के साथ मिलकर एक टीम भावना से शहरों को साफ और स्वच्छ बनाएं। वे मंगलवार को करनाल में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 53वीं वार्षिक साधारण सभा में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। करनाल में दो दिन तक चलने वाली इस बैठक में देशभर के 21 राज्यों से 70 से अधिक मेयर शामिल हो रहे हैं।

इसमें शामिल हो रहे सभी मेयर को स्वच्छता और विकास का पाठ पढ़ाया जाएगा। यह सम्मेलन मेयरों की भूमिका को और मजबूत बनाने, नगरीय शासन में सुधार करने और शहरों की भावी विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित किया गया है।



### स्वच्छता रैंकिंग के लिए अब नया पैटर्न

मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि अब देशभर की स्वच्छता प्रतियोगिता में बदलाव किया गया है। शीर्ष स्थान पाने वाले नगर निकायों को अगली बार निचले पायदान वाले नगर निकाय के साथ मिलकर हिस्सा लेना होगा। इससे दोनों की रैंकिंग सुधरेगी और स्वच्छता अभियान और प्रभावी होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर निकाय देश की तीसरी सरकार है, जो सीधे तौर पर जनता से जुड़ी होती है। देशभर में 5,020 शहर हैं और तेजी से शहरीकरण हो रहा है। ऐसे में जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वे लोगों को स्वच्छता और बुनियादी सुविधाएं समय पर मुहैया करवाएं।

### एक देश-एक नगर निकाय एक्ट बनाया जाए

इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने इसे करनाल के लिए गौरव की बात बताया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए बिना पर्ची-बिना खर्ची की व्यवस्था दी। परिषद चेयरपर्सन माधुरी पटेल ने कहा कि परिषद टीम भावना से काम कर रहा है और सभी राज्यों के महापौर मिलकर अनुभव साझा करते हैं। संगठन महामंत्री उमाशंकर गुप्ता ने मांग की कि "एक देश-एक नगर निकाय एक्ट" बनाया जाए और महापौर को और सशक्त किया जाए। राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि महापौर का चुनाव समय पर होना चाहिए।

### ट्रांसफर ड्राइव का शेड्यूल जारी करने की मांग

**चंडीगढ़।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार,शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभागीय अधिकारियों से मांग की कि ट्रांसफर ड्राइव का शेड्यूल जारी किया जाए और सभी वर्गों के शिक्षकों के तबादले किए जाएं। समिति राज्य प्रधान कृष्ण निर्माण और राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल ने कहा कि शेड्यूल में देरी किया जाना सरकार की ड्रीम पॉलिसी पर न केवल प्रश्नचिन्ह लगाएगा बल्कि शिक्षा मंत्री द्वारा दिए गए बयानों को भी झुठा साबित करेगा तो वहीं शिक्षा विभाग की साख पर दाग लगेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि कुमार, पुत्रः रोहतास कुमार, पताः गढ़ी मोहला, खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 363/2022, dated 25.03.2022, U/s 33/38/58 D.Ex. Act, पुलिस थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 363/2022, dated 25.03.2022, U/s 33/38/58 D.Ex. Act, पुलिस थाना तिलक नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **रवि कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. अनीजा बिश्नोई**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—07**
**पश्चिम जिला, कमरा नं. 289, द्वितीय तल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/11089/WD/2025**

**उत्तर रेलवे**

**प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, उत्तर रेलवे अम्बाला कैंट**
**खुली ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांकः NR/Proj/UMB/Advt./12** — **तारीखः 01.09.2025**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्याः NR-Proj-UMB-25001C**

**कार्य का नामः-** "उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन (164 आरकेएम/328 टीकेएम) के सानेहवाल–जालंधर–अमृतसर खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग".

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज़ की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री-बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 103.4 Cr. | 5320500/- | 24 | Nil | 26.09.2025 at 15:00 hrs | 26.09.2025 at 15:30 hrs | हाँ |
| **बिडिंग प्रणाली** | **बिडिंग टाइप** | **स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू** | **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | **मिनिमम डीक्रिमेंट %** | **सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृतिः** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2X25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"। निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोटः-** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**2646/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) LCV1225623 (OCEAN LOGISTICS AND PACKERS) TATA MOTORS LPT 1109CH REG.NO.HR61D2715-YOM-2019 RESERVE PRICE- 209187.9/-

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 17.09.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT: MR. PRADEEP MALIK / GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO.+91-9896009696 // 9671300231 EMAIL -pradeep.malik@kotak.com Goverdhan.Joshi@kotak.com

फॉर्म संख्या INC 26
[कंपनी (पंजीकरण) नियम, 2014 के नियम 30 के तहत]
केंद्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली) के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (पंजीकरण) नियम, 2014 के नियम 30 की उप-नियम (5) की धारा (a) के संबंध में
एवं
M/S SATYA PHARMACEUTICALS AYURVEDA PRIVATE LIMITED के संबंध में, जिसका पंजीकृत कार्यालय Plot No. 81, HSIIDC, P.S. Rai, Industrial Estate, Rai Industrial Area, Sonipat, Haryana - 131029 पर स्थित है,
......आवेदक कंपनी

यह सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत क्षेत्रीय निदेशक (जिन्हें केंद्र सरकार से अधिकार प्रदान किए गए हैं) को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, ताकि दिनांक 27 अगस्त, 2025 को कंपनी की प्रथम असाधारण सामान्य सभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के उपविधान (Memorandum of Association) में संशोधन की पुष्टि प्राप्त की जा सके, जिससे कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "हरियाणा राज्य" से बदलकर "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली" कर सके।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो सकता है, वह अपनी आपत्ति MCA 21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करके अथवा शपथ पत्र सहित (जिसमें उसके हित का स्वरूप और आपत्ति के आधार का उल्लेख हो) पंजीकृत डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से क्षेत्रीय निदेशक, Plot no.: P 6, 7, 8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा), पिन कोड - 122052 पर, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। साथ ही, एक प्रति आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय (नीचे दिए पते) पर भी भेजी जाए: Plot No. 81, HSIIDC, P.S. Rai, Industrial Estate, Rai Industrial Area, Sonipat, Haryana – 131029.

कंपनी की ओर से
M/s Satya Pharmaceuticals Ayurveda Private Limited
Sd/-
मिस श्रेया अग्रवाल
निदेशक
तिथिः 3 सितम्बर, 2025 — स्थानः नई दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA SFC 609 CBC (BHARDWAJ TRANSPORT AND TRAVELS) REG. NO.- HR46F7931- YOM- 2020
2) MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (M R CHEMICAL FACTORY) REG. NO.- HR67C7539 -YOM-2020
3) MAHINDRA JEETO (ROHTASH) REG. NO.-HR66C4850 - YOM- 2022
4) TATA2518LPT (BADLU) REG. NO.-RJ11GC0943 -YOM- 2018
5) TATA MOTORS LTD. - CB_ TATA ACE (SANDEEP KUMAR) REG. NO.-HR47F4684 YOM- 2022
6) TATA MOTORS LPT 1109CH (OCEAN LOGISTICS AND PACKERS) REG. NO.-HR61D2715 - YOM- 2019
7) SARTAJ_GOODS(SURESH MANDAL) REG. NO.- HR39F7900-YOM- 2024
8) TATA LPS 4018 FULLY BUILT TRAILER (SANDEEP KUMAR) REG. NO.-PB05AJ9688-YOM- 2015
9) AL_ECOMET_1615_FULLY_BUILT_ GOODS_HSD_4200 (RAKESH) REG. NO.-HR58C8901 YOM- 2022
10) TATA_INTRA_V50(AJMER SINGH) REG. NO.-HR46F4952 -YOM- 2023
11) MAHINDRA_AND_MAHINDRA-CB_ BOLERO MAXI TRUCK(MANOJ KUMAR) REG. NO.-HR69E8853 -YOM- 2023
12) EICHER_PRO_3015_EICHER (DHRITI INDUSTRIES) REG.NO.-HR69F1895 YOM- 2024
13) TATA SIGNA5530_FULLYBUILT_ TIPPER_TRAILER_VEHICLE(MOHIT KUMAR) REG. NO.-HR63F9553 -YOM- 2024
14)TATA_INTRA_TATAMOTORS(AMZAD ALI) REG.NO.-DL1LAM8497-YOM-2024
15) TATA_SIGNA_5530_BSVI_ CHASSIS(R K ROADLINES) REG. NO.-HR66C1730 -YOM-2023
16) ASHOK_LEYLAND_ECOMET_1915 _POL_4200MM_WB(VIKAS BANI) REG. NO.-HR67D9918- YOM-2023
17) MARUTI SUZUKI - MARUTI_EECO (MANJEET) REG. NO.-HR10AC1418 -YOM-2017

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 09.09.2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com

## खबर संक्षेप



### स्कॉर्पियो बिजली पोल से टकराई ,एक घायल

**रेवाड़ी।** सरकुलर रोड पर अंबेडकर चौक से लियो चौक के बीच एक तेज रफ्तार स्कॉरपियो ने बिजली के पोल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का पोल टूटकर गाड़ी पर ही गिर गया, जिससे गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्कॉरपियो में तीन युवक सवार थे, जोकि बाल-बाल बच गए।सोमवार रात्रि करीब 12 बजे सरकुलर रोड पर एक तेज रफ्तार स्कॉरपियो ने बिजली के पोल को टक्कर मार दी, जिससे पोल टूटकर गाड़ी के बोनट से चालक साइड आ गिरा। टक्कर लगते ही गाड़ी का दरवाजा खुल गया और चालक सहित तीन युवक निकलकर भाग गए।

### 25 हजार रिश्वत लेते एएसआई सहित तीन काबू

**फरीदाबाद।** चोरी का माल खरीदने के आरोप में कबाड़ा गोदाम के मालिक को छोडऩे के बदले 25 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक ईएएसआई सहित तीन को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी सेक्टर-65 क्राइम ब्रांच में तैनात थे। अज्जी कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसके मकान के नीचे उसकी कबाड़े की दुकान है। उसकी दुकान पर सोमवार सुबह चार बजे सफेद कार में चार पुलिस कर्मी आए और उनके पिता को पूछताछ के नाम उठाकर ले गए। पुलिस कर्मियों का कहना था कि उन्होंने एक चोर को पकड़ा है। उसने चोरी के लोहे एंगल उनके पिता को बेचना बताया है। मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने ईएएसआइ संजय कुमार, हवलदार खालिद, हवलदार फारुख को 25 हजार लेते हुए गिरफ्तार किया है।

### रामपाल को हाईकोर्ट को मिली राहत

**चंडीगढ़।** सतलोक आश्रम बरवाला के विवादित प्रमुख रामपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2014 में आश्रम में दिल्ली के बदरपुर की सरिता और पंजाब के संगरूर की मलकीत कौर, राजबाला, संतोष और डेढ़ साल के आदर्श की मौत मामले मिली उम्रकैद की सजा पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। रामपाल पिछले 10 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। हाई कोर्ट के आदेश से रामपाल को एक बड़ी राहत मिली है व बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।पिछले सप्ताह भी हाई कोर्ट ने आश्रम में मिली एक महिला की लाश मामले में मिली उम्र कैद की सजा पर रोक लगा दी थी। हालांकि इस बाबत हाई कोर्ट के आदेश की विस्तृत कापी अभी तक जारी नहीं हुई है। अब तक हत्या के दो अलग अलग मामलों में हाई कोर्ट उनकी सजा निलंबित कर चुका है। इन दोनों ही मामलों में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषी करार उम्रकैद की सजा दी थी। अभी देशद्रोह का केस चल रहा है।

**सूदखोरों पर शिकंजा :** जरूरतमंदों को ऊंची ब्याज दर्ज पर कर्ज देकर फंसा रहे

# सोनीपत में 30 टीमों ने 60 जगह छापेमारी कर रजिस्ट्रियां और ब्लैंक चेक किए बरामद

*डीजीपी के आदेश पर एक्शन में पुलिस। 26 अगस्त को पुलिस की विशेष टीम ने गोहाना में सूदखोरों के 22 ठिकानों पर छापेमारी कर दस्तावेज बरामद किए थे। जिले में फाइनेंसरों की कुंडली हो रही तैयारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में अवैध सूदखोरी के खिलाफ सोनीपत पुलिस का अभियान लगातार तेज हो गया है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेश और पुलिस आयुक्त ममता सिंह व एडीजीपी के दिशा-निर्देश पर पुलिस ने सोमवार को पश्चिमी जोन क्षेत्र में 60 जगहों पर छापेमारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज, रजिस्ट्रियां, ब्लैंक चेक और डायरी बरामद की अवैध सूदखोरी के मामले में कार्रवाई को अंजाम देने के लिए 30 विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें लगातार ऐसे लोगों की पहचान कर रही हैं जो जरूरतमंदों को ऊंची ब्याज दर पर कर्ज देकर फंसा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त (क्राइम) नरेंद्र कादयान ने बताया कि हाल के दिनों में कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें गरीबों को अवैध ब्याज वसूलने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

### कई पीड़ित कर चुके सुसाइड

कई पीड़ित आर्थिक तंगी और मानसिक दबाव के चलते आत्महत्या तक कर चुके हैं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सूदखोरों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया। डीसीपी कादयान ने बताया कि 26 अगस्त को गोहाना क्षेत्र में 22 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी।

इसी कड़ी में मंगलवार को पश्चिमी जोन में 60 ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि गैरकानूनी लेन-देन में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध सूदखोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे तत्वों पर सख्त निगरानी रखकर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज के सफेदपोशों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। इसे लोगों की कुंडली तैयार हो रही है।



**सोनीपत।** कागजातों की जांच करते हुए विशेष टीम के सदस्य।

### उत्पीड़न होने पर तुरंत शिकायत करें

सोनीपत पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सूदखोरों के चंगुल में न फंसें। जरूरत पड़ने पर केवल सरकारी मान्यता प्राप्त बैंक और वित्तीय संस्थानों से ही सुरक्षित ऋण लें। किसी भी पीड़ित को भरोसा दिलाया गया है कि वे सीधे थाना, चौकी या हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### यमुनानगर में पैसे देने पर भी नहीं लौटाए चेक, दो फाइनेंसर नामजद

**यमुनानगर।** ऋण चुकाने के बाद भी दो फाइनेंसर ने लक्ष्मी नगर कैंप निवासी शन्नो द्वारा सिक्योरिटी के रूप में लिए चेक नहीं लौटाए। आरोपियों ने चेक का दुरुपयोग कर केस में फंसाने की धमकी दी। इन आरोपों में मिली शिकायत पर गांधीनगर पुलिस ने दो लोगों को विभिन्न धाराओं में नामजद कर लिया।

जानकारी के अनुसार कैंप के लक्ष्मी नगर निवासी शन्नो ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि पिछले साल अगस्त में बेटे को टाइफाइड हो गया था। उसके इलाज के लिए रुपयों की जरूरत थी। घर पर आर्थिक तंगी के कारण उसने ऋण लेने की सोची। इसके लिए बैंक व फाइनेंसरों से पता किया। ऐसे करते हुए कन्हैया साहिब चौक के पास स्थित दफ्तर पहुंची। जहां उसे प्रदीप व सचिन मिले। उनसे आरोपियों से ऋण के रूप में 44 हजार रुपये लिए। इसकी एवज में प्रदीप व सचिन ने उसके व पति के बैंक खातों के दस चेक लिए थे। शन्नो का आरोप है कि ऋण 50 हजार का बताया गया था। परंतु आरोपियों ने उनके बैंक खाते में 44 हजार रुपये डाले थे। इस बारे में पूछने पर प्रदीप व सचिन ने बताया कि पांच हजार रुपये पहले माह का ब्याज और एक हजार रुपये फाइल चार्ज काटा गया है। शन्नो का आरोप है कि उसने हर माह ब्याज दिया वहीं मूल भी पूरा चुका दिया। इसके बाद भी प्रदीप व सचिन ने उससे लिए चेक वापस नहीं किए। उन्हें कई बार चेक लौटाने के लिए कहा परंतु वह टालमटोल करते रहे और उसे फंसाने की धमकी दी।

**फतेहाबाद** में करोड़ों रुपये के धान घोटाले के आरोप में गिरफ्तार युवक ने उगले राज

# शराब ठेकों में लगाया पैसा दो राइस मिलर्स का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

करोड़ों रुपये के धान घोटाले के मामले में गिरफ्तार युवक ने घोटाले के पैसों को हिसाब दिया है। पूछताछ में उसने दो राइस मिलरों के भी नाम लिए हैं, जिनके साथ मिलकर उसने इस घोटाले को अंजाम दिया था। बता दें कि आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने धान घोटाले में शामिल आरोपी बलवान सिंह पुत्र रामजस निवासी तामसपुरा, तहसील रतिया को 29 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी को 30 अगस्त 2025 को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी के खिलाफ थाना शहर रतिया में धारा 420, 409, 467, 468, 471, 201 एवं 120बी भादस के तहत मामला दर्ज है।

### ये था मामला

आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2020 में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फर्जी तरीके से अन्य किसानों की भूमि पंजीकृत करवा ली थी। इसके आधार पर सरकारी एजेंसियों के माध्यम से धान की खरीद दर्शाकर लगभग 35.53 लाख रुपये अपने एचडीएफसी बैंक खाते में प्राप्त किए। इनमें से 15 लाख रुपये सतगुरु ट्रेडिंग कंपनी के खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि बाकी राशि आरोपी ने शराब के ठेकों में हिस्सेदारी तथा निजी खर्चों में इस्तेमाल की।



### जयपुर के ठेकों में पांच लाख निवेश किया

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने जयपुर स्थित शराब ठेकों में करीब 5 लाख रुपये निवेश किए हैं, जिनकी बरामदगी उसकी निशानदेही पर की जाएगी। इसके अतिरिक्त, उसने सरकारी धन से सोने के कड़े और अंगूठी भी बनवाई हैं, जिन्हें उसके घर से बरामद किया जाना है। अब तक पूछताछ में आरोपी के कब्जे से 2 लाख रुपये नगद भी बरामद किए जा चुके हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने खोखर राइस मिल व सतगुरु ट्रेडिंग कंपनी के मालिक शियासत सिंह सहित कई अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया। आरोपी इन मुख्य आरोपियों के पंजाब और हरियाणा स्थित ठिकानों के बारे में भी जानकारी रखता है।

## प्रधानमंत्री जन-धन योजना के 11 वर्ष: विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश योजना : नागराजू

**चंडीगढ़।** वित्तीय समावेश का वास्तविक उद्देश्य व्यक्तियों और व्यवसायों को सशक्त बनाने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, गरीबी कम करने और सामाजिक समानता को प्रोत्साहन देने की इसकी क्षमता में निहित है। वित्तीय समावेश, 2030 के लिए निर्धारित 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से कम से कम 7 को प्राप्त करने के प्रमुख कारकों में से एक है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम. नागराजू ने कहा कि भारत जैसे विकासशील देश के लिए सरकार समर्थित वित्तीय समावेश अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका कारण है – देश की अत्यधिक विविधता, भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या। इन बातों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत की थी, जो उनके द्वारा घोषित सबसे पहली योजनाओं में से एक थी। इस योजना का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करना था, ताकि प्रत्येक परिवार का, विशेष रूप से कमजोर और आर्थिक रूप से वंचित समुदाय के लोगों का, औपचारिक वित्तीय प्रणाली में भाग लेना सुनिश्चित हो सके। पिछले 11 वर्षों में, पीएमजेडीवाई दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय समावेश कार्यक्रम के रूप में विकसित हुआ है, जो बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच की सुविधा के बीच की खाई को पाटकर जीवन में बदलाव ला रहा है। आरबीआई के एफआई-सूचकांक का मूल्य मार्च 2017 के 43.4 से बढ़कर मार्च 2025 के लिए 67.0 हो गया है।



यूट्यूबर पर पाक के लिए जासूसी का आरोप

## ज्योति मल्होत्रा की डिफॉल्ट बेल टली, आज हो सकता है फैसला

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में जेल में बंद यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की डिफॉल्ट बेल पर मंगलवार को भी कोर्ट ने फैसला नहीं सुनाया। इस मामले में बहस पूरी हो चुकी थी, लेकिन कोर्ट ने अब 3 सितंबर बुधवार की तारीख तय कर दी है। साथ ही कोर्ट ने ज्योति को 10 सितंबर को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के आदेश भी दिए हैं। बुधवार को कोर्ट ज्योति केस से जुड़ी 4 एप्लिकेशन पर भी फैसला सुना सकती है, जिनमें पुलिस की ओर से 3 और वकील की ओर से 1 याचिका शामिल है। इससे पहले 25 अगस्त को ज्योति की पेशी हुई थी और उन्हें चालान रिपोर्ट दी जानी थी, मगर पुलिस ने 3 बार एप्लिकेशन लगाकर चार्जशीट देने का विरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने वकील से जवाब मांगा। वकील ने डिफॉल्ट बेल लगाते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने जांच पूरी किए बिना चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने बेल का विरोध करते हुए कोर्ट में दो केसों का हवाला दिया। इनमें सीबीआई बनाम कपिल वधावन और दिल्ली हाईकोर्ट का इरफान बनाम स्टेट है। पुलिस का कहना है कि इन मामलों में भी डिफॉल्ट बेल नहीं दी गई थी।



**इंस्टाग्राम** पर पुलिस कर्मियों के रिश्वत लेने का वीडियो वायरल

## जापानी नागरिक से 1000 रुपये लेकर बिना रसीद काटे, अपनी जेब में डाले

**गुरुग्राम।** जापानी टूरिस्ट से रिश्वत लेने के आरोप में डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन ने तीन ट्रैफिक कर्मियों को सस्पेंड किया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल होने पर डीसीपी ने रिश्वतखोरी के खिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की। दरअसल, यह मामला तब सामने आया जब जापानी नागरिक केल्टो ने सोमवार देर शाम अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो डाला। जिसमें उन्होंने बताया कि गुरुग्राम पुलिस ने उनसे बिना रसीद दिए 1000 रुपए रिश्वत ली। केल्टो ने लिखा- वाह! गुरुग्राम पुलिस ने एक जापानी टूरिस्ट से 1000 रुपए ले लिए, वो भी बिना रसीद। इस तरह वे विदेश में भारत की छवि खराब करते हैं।



### ईएसआई सहित तीन सस्पेंड

वीडियो वायरल होते ही मामला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गया। इसके बाद डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए करते हुए ट्रैफिक पुलिस में तैनात जेडओ ईएसआई करण सिंह, कांस्टेबल शुभम और होमगार्ड भूपेंद्र को सस्पेंड कर दिया।

## हादसे में पति की मौत, हेड कांस्टेबल पत्नी व बच्चे घायल



**गोगामेड़ी** के दर्शन के बाद रेवाड़ी लौट रहे थे

**मंडी अटेली।** नारनौल-रेवाड़ी नेशनल हाईवे 11 पर गांव चंदपुरा के समीप मंगलवार को सुबह गाड़ी में सवार एक परिवार को ट्रक ने टक्कर मार दी। घायलों को नारनौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि पत्नी व बच्चे घायल हो गए। हादसे में घायल महिला रेवाड़ी हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। मिली जानकारी के अनुसार गांव मेघोत हाला निवासी 41 वर्षीय अनिल कुमार अपनी पत्नी कविता और दो बच्चों के साथ गोगामेड़ी के दर्शन करके रेवाड़ी जा रहा था। गांव चंदपुरा के समीप अचानक ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में टक्कर से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के घायलों को अटेली अस्पताल भर्ती कराया। उपचार के दौरान अनिल कुमार ने दम तोड़ दिया। वहीं डॉक्टरों ने घायलों को नारनौल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## सीईटी में नार्मलाइजेशन फार्मूला लागू करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**चंडीगढ़।** हरियाणा में ग्रुप-सी के लिए हुए कामन एलिजिबिलिटी परीक्षा के बाद रिजल्ट में नार्मलाइजेशन फार्मूला लागू करने के खिलाफ याचिका को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप मोदगिल ने मंगलवार को पहली ही सुनवाई पर याचिका को खारिज कर दिया। रोहतक के रहने वाले पवन कुमार ने हाई कोर्ट में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के इस फैसले के खिलाफ याचिका लगाई थी।

**परीक्षा में नार्मलाइजेशन फार्मूला लागू होगा :** दरअसल पिछले महीने हरियाणा में ग्रुप-सी के पदों को भरने के लिए हुए कामन एलिजिबिलिटी टेस्ट के बाद अब हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन जल्द करेक्शन पोर्टल खोलने जा रहा है। इससे पहले आयोग चेयरमैन ने बताया था कि इस बार परीक्षा में नार्मलाइजेशन फार्मूला लागू होगा। इसके चारों शिफ्टों में हुए पेपर की कठिनाई के आधार पर अंक बराबर किए जाएंगे। जिसके आधार पर याचिकाकर्ता ने इसे नियमों के खिलाफ करार देते हुए हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट के इस आदेश से राज्य कर्मचारी चयन आयोग व सीईटी के परिणाम का इंतजार कर रहे उम्मीदवारों को एक बड़ी राहत मिली है।

**रेवाड़ी जिला उपभोक्ता फोरम का फैसला : ट्राली टूटने से 40 फुट से नीचे गिर गई थी सीमा**

# मेले में झूले से गिरकर हुई थी महिला की मौत, तीन बच्चों के नाम 24 लाख की एफडी करवाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

वर्ष 2023 में जिला सचिवालय के पास ग्राउंड में लगे मेले में झूला टूटने से गिरकर हुई महिला की मौत मामले में जिला उपभोक्ता फोरम ने मेला आयोजकों को मृतका के आश्रितों को लगभग 24 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। यह राशि मृतक के तीन नाबालिग वारिशों के नाम पर एफडी के रूप में अदा करने को कहा गया है। हादसे में घायल बच्ची के लिए अलग से मुआवजा देने के आदेश दिए गए हैं। एचएसवीपी के ग्राउंड में प्रशासन की अनुमति से लगाए गए मेले में आयोजकों ने एंट्री फीस 20 रुपये और मेले में झूला झूलने के लिए फीस 50 रुपये निर्धारित की हुई थी। 12 फरवरी 2023 को संघी का बास निवासी सीमा देवी, उसकी बेटी मुस्कान और भतीजी परिणिति झूला झूल रही थीं। इसी दौरान लगभग 40 फुट की ऊंचाई से झूले की एक ट्रॉली टूटकर जमीन पर गिर गई थी। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां उपचार के दौरान सीमा देवी की मौत हो गई थी।

### महिला के पति ने दर्ज करवाया था केस

### उपभोक्ता फोरम में किया केस

कैलाश चंद एडवोकेट ने बताया कि दिनांक 9 मई 2023 को सतीश कुमार और राजकुमार निवासी संघी का बास ने जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग में एक वाद जिला प्रशासन और मेले में आयोजित झूला लगाने वाली एजेंसी श्रीबालाजी इवेंट एंड मैनेजमेंट ओर उनके कार्यकताओं के खिलाफ दायर किया, जिसकी सुनवाई पूरी हुई दोनों सभी वादी और प्रतिवादी की ओर से अपनी अपनी बाते रखी गई।

### सफदरजंग अस्पताल में हुआ निधन

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने महिला के पति सतीश कुमार की शिकायत पर रोहतक की श्याम कालोनी निवासी राजेश कुमार व नई दिल्ली जहांगीरपुर निवासी हिमांशु शर्मा के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया था। महिला का कई दिनों तक प्राइवेट अस्पताल में भी इलाज चला। उसके दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में सीमा देवी का ऑपरेशन भी किया गया था। फिर सीमा देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।



### दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला

जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग ने अपना फैसला सुनाया जिसमें झूला लगाने वाली एजेंसी को दोषी पाया ओर उस पर भारी जुर्माना लगाते हुए पीड़ति परिवार को मुवावजा देने का आदेश जारी किया। मुआवजा 2407133 रुपये मृतक के तीनों वारिसों में बांटा जाएगा। शिकायतकर्ता की बेटी मुस्कान की हुई गंभीर चोटों पर 275875 रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए गए।

**ट्रक में केबिन बना छुपा रखी थी, चंडीगढ़ से तस्करी कर वाया हिसार आगे जा रहे थे**

# लकड़ी गुटकों और बुरादे की आड़ में शराब की तस्करी, 680 पेटी बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गांव डूमरखां कलां के निकट सीआईए स्टाफ नरवाना ने ट्रक को काबू कर शराब तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 680 पेटी अंग्रेजी बरामद किया है। शराब को लकड़ी गुटखों तथा बुरादे से भरे कट्टों की आड़ में चंडीगढ़ से हिसार की तरफ से दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था। शराब की पेटियों के बैच नंबर से भी छेड़छाड़ की गई थी। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक चालक समेत दो लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि चंडीगढ़ से ट्रक में शराब को तस्करी कर हिसार के तरफ से दूसरे राज्य ले जाया जा रहा है। जिसके बाद उसे दूसरे राज्य ले जाने की सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने गांव डूमरखां कलां के निकट कैथल की तरफ से आने वाले ट्रकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद पुलिस ने ट्रक को रूकवा कर तलाशी ली। जिसके पीछे लकड़ी बुरादा के कट्टे भरे गए थे। जब कट्टों को हटा कर देखा तो लोहे की चादर से ट्रक बॉडी को बंद किया गया था। जिसमें छोटा गेट बनाया गया था। जिसको खोलकर देखने पर उसमें अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी पाई गई। जिनकी संख्या 680 पाई गई। जिनमें 1872 बोतल, 5664 अध्धे, 13824 पव्वे पाए गए। पुलिस पूछताछ में ट्रक चालक की पहचान यमुनानगर निवासी लखविंद्र उर्फ लक्खी तथा सहयोगी राजीव उर्फ राजू के रूप मे हुई। पुलिस ने ट्रक से मिली शराब के बारे में दस्तावेज मांगे तो आरोपित उन्हें दिखाने में नाकाम रहे। पुलिस ने जब शराब के बैच तथा मैनुफैक्चरिंग डेट को जांचा तो वह मिटाई गई थी। शराब की बोतलों पर सेल आनली यूटी लिखा हुआ था। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार लखविंद्र तथा राजीव के खिलाफ आबकारी अधिनियम, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत केस किया है।



### कुंडली खंगाल रही पुलिस

सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि शराब को चंडीगढ़ से ट्रक में तस्करी कर हिसार की तरफ से दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था। ट्रक सवार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शराब तस्करी से कौन-कौन लोग जुड़े हैं। इसके बारे मे पूछताछ की जा रही है।

# हिमाचल में अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, वर्षा जनित हादसों में अब तक 320 से ज्यादा की मौत

# पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत, उत्तराखंड में स्कूल बंद, दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कॉलोनियां खाली कराई गईं

**उत्तरी राज्यों में बाढ़ और बारिश का कहर जारी**

- पंजाब में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित
- दिल्ली के कई इलाकों में लोग राहत शिविरों में शिफ्ट
- उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत
- शिमला में लैंडस्लाइड व मकान गिरने से 4 लोगों की मौत
- नोएडा के याकूबपुर इलाके में यमुना नदी के पानी में डूबे घर
- आगरा में ताजमहल की बाउंड्री तक पहुंचा यमुना का पानी
- उत्तराखंड में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड से रास्ता हुआ बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है।



### जम्मू-कश्मीर में रामबन फ्लाईओवर में दरारें पड़ीं

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। सोमवार दोपहर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन फ्लाईओवर में दरारें पड़ गईं। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण राजमार्ग के कई हिस्सों में पत्थर गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। रामबन, डोडा, किश्तवाड़ और कठुआ जिलों में सुबह से ही लगातार तेज बारिश हो रही है। दूसरी ओर, कश्मीर घाटी में भी काजीगुंड समेत कुलगाम और अनंतनाग के ऊपरी इलाकों में सुबह से ही तेज बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है और प्रशासन अलर्ट पर है।

### दिल्ली पर मंडरा रहा बाढ़ का खतरा

दिल्ली में भारी बारिश के बाद यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। पानी बढ़ने से नदी के आसपास बसे निचले इलाकों में बने घरों और झुग्गियों को नुकसान पहुंचा है। मजनू का टीला इलाके से सामने आई ताजा तस्वीरों में बाढ़ जैसा दृश्य दिखाई दे रहा है। कई घरों में पानी भर गया है और लोग परेशान हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं तथा प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।अधिकारियों के अनुसार, यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो जलस्तर और बढ़ सकता है, जिससे खतरा और बढ़ेगा।

*छत्तीसगढ़ : 5 जिलों में अलर्ट, सुकमा में 12 घंटे से फंसे व्यक्ति का हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू*

*यूपी : लखनऊ में तीसरे दिन झमाझम बरसात, 6 शहरों में स्कूल बंद*

*राजस्थान : 26 जिलों में अलर्ट, जयपुर में रातभर बरसात, कई इलाकों में पानी भरा*









### कुल्लू में भूस्खलन, 3 मंजिला इमारत ढही, हाईवे जाम



हिमाचल के कुल्लू जिला के आनी बस स्टेंड में आज सुबह 10 बजे भूस्खलन के बाद 3 मंजिला मकान भरभराकर गिर गया। हालांकि, इसमें जनहानि नहीं हुई। यह बिल्डिंग साल 2023 में खाली करवा दी गई। इससे आसपास के मकानों को भी खतरा पैदा हो गया है। चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे रविवार रात से बंद पड़ा है। करीब एक हजार ट्रक जाम में फंस गए हैं। इससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### राजस्थान के दौसा में उफान पर नहरें, सड़कों पर पानी की तेज धार

राजस्थान में लगातार भारी बारिश के कारण दौसा में कई नहरें उफान पर हैं। मंगलवार को सड़कों पर पानी की तेज धार बह रही है। दौसा के जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट देवेंद्र कुमार ने बताया कि दौसा में सोमवार को लगभग 177 मिमी बारिश हुई। इससे हरिपुरा बांध उफान पर है। राहत दल अलर्ट पर हैं।

---


**खबर संक्षेप**

### खालिद, शरजील समेत 8 की जमानत खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी साजिश के मामले में मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित अन्य को जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की पीठ ने अन्य 8 आरोपियों की जमानत खारिज कर दी।

### बीकानेर में भंसाली पर गंभीर धाराओं में केस



**बीकानेर।** फिल्म जगत से जुड़ी एक बड़ी और सनसनीखेज खबर बीकानेर से सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एफआईआर दर्ज की गई है। भंसाली की कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है।

### जनता एक्सप्रेस के आगे कूदा प्रेमी युगल



**बागपत।** जिले के अहेड़ा रेलवे हॉल्ट पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां प्रेमी युगल ने शामली से दिल्ली जा रही जनता एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। दोनों हाथ पकड़े हुए अचानक ट्रेन के सामने कूद गए। ट्रेन की टक्कर लगते ही युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि छात्रा ट्रैक के दूसरी ओर गिरी।

---

## भावुक हुए पीएम, बोले- ये देश की हर मां-बहन, बेटी का अपमान

# मां के अपमान पर राजद-कांग्रेस को मैं भले ही माफ कर दूं, लेकिन बिहार की जनता माफ नहीं करेगी : मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ पटना/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस की हाल में संपन्न हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान उनकी मां को अपशब्द कहे जाने से उन्हें गहरा दुख हुआ है और इस घटना के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं कांग्रेस को वह भले ही माफ कर दें लेकिन बिहार के लोग इन दलों को कभी माफ नहीं करेंगे। मोदी ने दरभंगा में हाल में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मंच से उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे जाने से पैदा हुए विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि उनकी मां को अपशब्द कहना उन लोगों के लिए बड़ी बात नहीं है जो 'भारत माता' का अपमान करते हैं और ऐसे लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "मेरी दिवंगत मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए?" प्रधानमंत्री ने बिहार में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक नयी सहकारी पहल के डिजिटल तरीके से उद्घाटन के मौके पर दिल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

- मां ने मुझे देश सेवा के लिए रवाना किया
- मां का स्थान देवी-देवताओं से ऊपर माना जाता है, बिहार के यही संस्कार

### बिहार मां जानकी की धरती है..यहां हमेशा महिलाओं का सम्मान हुआ



मोदी ने कहा, "बिहार मां जानकी की धरती है... यहां महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। यहीं छठ पूजा मनाई जाती है। राजद और कांग्रेस के मंच से मेरी मां को अपशब्द कहे गए... मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा होगा... यह बिहार की मां-बेटियों का अपमान है... राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।" उन्होंने कहा, "मैं अपनी मां का बेटा हूं... मैं अपना दर्द आपके साथ साझा कर रहा हूं।" प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं देश की महिलाओं के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं... जिस मां ने मुझे जन्म दिया, उसने मुझे मातृभूमि की सेवा करने के लिए कहा जो मैं कर रहा हूं।

### कभी अपने लिए साड़ी नहीं खरीदी

उन्होंने कभी अपने लिए साड़ी नहीं खरीदी और हमारे लिए पैसे बचाकर रखे। मुझे कहना होगा कि मां का स्थान भगवान से भी बढ़कर है।" उन्होंने कहा कि जो लोग माताओं एवं बहनों को अपशब्द कहते हैं वे महिलाओं को कमजोर समझते हैं। मोदी ने कहा, "उनकी इसी मानसिकता के कारण वे महिलाओं को शोषण एवं उत्पीड़न की वस्तु समझते हैं। जब भी महिला विरोधी मानसिकता वाले लोग सत्ता में आए, माताओं, बेटियों एवं बहनों को सबसे अधिक कष्ट सहना पड़ा... यह राजद के 'माफिया राज' के दौरान हुआ था।"

### राजद के शासकाल में बिहार में अपराध चरम पर थे

प्रधानमंत्री ने कहा, "राजद के शासकाल में बिहार में अपराध चरम पर थे और राज्य में हर दिन हत्या, रंगदारी और बलात्कार की घटनाएं होती थीं। राजद सरकार हत्यारों और बलात्कारियों को संरक्षण देती थी। महिलाओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा... इसलिए उन्होंने ही राजद को सत्ता से बेदखल किया और अब यह क्षेत्रीय पार्टी महिलाओं से इसका बदला लेना चाहती है।" मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पिछड़े समुदाय के किसी व्यक्ति को सत्ता में आते देखने की बात कभी बर्दाश्त नहीं कर पाती और इसीलिए वे अपशब्द कह रहे हैं। उन्होंने कहा, "मेरी मां का अपमान करने के लिए मैं भले ही उन्हें माफ कर दूं लेकिन बिहार की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

**पीएम के भाषण के बीच**

### अचानक रोने लगे बिहार भाजपाध्यक्ष जायसवाल



मोदी ने अपनी मां के संघर्षों का जिक्र करते हुए भावुक स्वर में भाषण दिया। इसी बीच कार्यक्रम में मौजूद बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाए और फूट-फूटकर रो पड़े। उनका यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर अपशब्द कहे गए थे। ये अपशब्द राजद और कांग्रेस के मंच से कहे गए थे। लिहाजा, इसको लेकर जमकर राजनीति हुई। भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गए और तीखी बयानबाजी शुरू हो गई। अब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी, तो भाजपा नेता भावुक होकर रो पड़े।

---

**'वोट चोरी' के नारे लगाने वाले 'गुनहगार'**

## 2 वोटर आईडी कार्ड रखने पर ईसी ने भेजा खेड़ा को नोटिस



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को नोटिस भेजा है। उन पर आरोप है कि उनके पास दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की वोटर आईडी कार्ड है। नोटिस में कहा गया है कि खेड़ा का नाम दिल्ली की नई दिल्ली और जंगपुरा विधानसभा सीट दोनों जगह के वोटर लिस्ट में नाम दर्ज है। खास बात यह है कि पवन खेड़ा कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख हैं और कई बार चुनावी गड़बड़ियों को लेकर भाजपा पर आरोप लगाते रहे हैं। हाल में ही बिहार में एसआईआर पर बड़ी बड़ी बातें कर रहे थे। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तो वोट चोरी के मुद्दे पर बिहार में आंदोलन भी कर चुके हैं। ईसी पर सवालिया निशान लगाते रहे हैं।

### खेड़ा ने किया इनकार चुनाव आयोग पर ही किया पलटवार



हालांकि, पवन खेड़ा ने इन आरोपों से इनकार किया है और उलटा चुनाव आयोग पर ही सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चाहे सवाल अमित मालवीय पूछें या अनुराग ठाकुर, असली जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। यही वजह है कि कांग्रेस लगातार पारदर्शिता की मांग कर रही है। पवन खेड़ा ने दावा किया कि वोटर लिस्ट और बूथ लेवल पर कई गड़बड़ियां हैं, जिन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी आयोग की है। उन्होंने इसे कांग्रेस के 'वोट चोरी' के आरोपों का सबूत बताया।

### सोनिया से लेकर खेड़ा तक सभी दोषी: अमित

*भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर दोनों वोटर लिस्ट की तस्वीरें साझा की। उन्होंने दावा किया कि पवन खेड़ा के पास दो एक्टिव वोटर आईडी नंबर हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस वोट चोरी का आरोप लगाते हैं, अब खुद उनके नेता के पास दो वोटर आईडी का खुलासा हुआ है। अमित मालवीय ने यहां तक कहा कि जैसे सोनिया गांधी ने भारत की नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करा लिया था, उसी तरह पवन खेड़ा ने भी नियमों का उल्लंघन किया है।*

---

**पिता की पार्टी ने ही की कार्रवाई**

## पार्टी विरोधी कार्य पर केसीआर की बेटी के. कविता पार्टी से निलंबित

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है। बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं। उन पर 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' का आरोप है। पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने एमएलसी कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है।



### केसीआर और उनके मंत्री पर फिलहाल कार्रवाई नहीं होगी

तेलंगाना हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव को राहत दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना से जुड़ी न्यायिक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 7 अक्टूबर तक दोनों के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह आदेश आयोग की रिपोर्ट और उस पर उठे विवाद के बीच दिया गया।



---

**राज्य सरकार के प्रस्ताव को किया स्वीकार, एक शर्त रखी**

## मराठा नेता जरांगे ने जूस पीकर अनशन खत्म किया

एजेंसी ⏭ मुंबई

यहां जारी मराठा आंदोलन पर विराम लग गया है । मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने जूस पीकर आंदोलन को खत्म कर दिया है। उन्हें उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जूस पिलाया। इसके बाद जरांगे ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्होंने साफ कर दिया है कि एक बार जीआर यानी सरकारी प्रस्ताव जारी होने के बाद आजाद मैदान को खाली कर दिया जाएगा। खास बात है कि बंबई उच्च न्यायालय ने भी आंदोलन के लिए मुंबई की सड़कों को रोकने पर आपत्ति जताई थी।

- महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पाटिल ने की थी मुलाकात
- इसके बाद आजाद मैदान से जाने लगे प्रदर्शनकारी

### मराठाओं को कुनबी प्रमाण पत्र देने को हैदराबाद गजट लागू होगा



मंगलवार को ही महाराष्ट्र सरकार में मंत्री राधाकृष्ण विखे-पाटिल की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से मुलाकात की थी। उन्होंने सरकार के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है कि मराठाओं को कुनबी प्रमाण पत्र देने के लिए हैदराबाद गजट लागू किया जाएगा, एक महीने के अंदर ही ऐसा ही फैसला सतारा रियासत को लेकर भी लिया जाएगा। साथ ही सितंबर के अंत तक मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज केस वापस लिए जाएंगे। इसके अलावा प्रस्ताव में आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने की बात भी शामिल है।

### जरांगे ने किया आंदोलन खत्म करने का ऐलान

*बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने मनोज जरांगे की मांगें मान ली हैं। इस बात की जानकारी जरांगे ने दी। पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग पर सहमत हो गई है, जिससे आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। सरकार की ओर से जल्द ही कुछ देर में जीआर यानी सरकारी आदेश जारी किया जाएगा। अधिकारी जीआर प्रक्रिया के लिए रवाना हो गए। जरांगे ने आंदोलन खत्म करने का ऐलान किया।*

### हाई कोर्ट को दिया भरोसा

इसके अलावा मनोज जरांगे ने हाई कोर्ट को भरोसा दिया कि उनके अधिकांश समर्थक या तो मुंबई छोड़ चुके हैं या मंगलवार को छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग मुंबई के रास्ते समझते नहीं हैं। आप लोगों ने गाड़ियों पर 5 हजार का दंड लगाया है, उसे वापस लीजिए।

चिंतन

# खुद अपने पैरों पर क्यों कुल्हाड़ी मार रहा विपक्ष

बीते एक दशक से जो हर चुनाव के दौरान होता है, ठीक वैसे ही हुआ। विपक्ष ने बैठे बिठाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के प्रति अपशब्द कहकर अपने पैर पर खुद कुल्हाड़ी मार ली। वोटर अधिकार यात्रा के दौरन बिहार के दरभंगा में पीएम मोदी को एक शख्स ने मां की गाली दे दी थी। हालांकि, उस समय मंच पर न राहुल गांधी थे और न ही तेजस्वी यादव, लेकिन मंच सजा था राहुल और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा के लिए। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने 16 दिनों तक बिहार के कोने-कोने में रैलियां की। उनकी रणनीति जातिगत समीकरणों को साधना, युवाओं को रोजगार का सपना दिखाना और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना था। दोनों बिहार के मतदाता सूची से 65 लाख वोटरों के नाम कटने का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे थे, लेकिन पीएम मोदी ने मंगलवार को गाली को बिहार ही नहीं देश की सभी मां और बहनों के साथ जोड़कर पूरा नैरेटिव चेंज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए। हालांकि यह पहली बार यह नहीं है जब प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द कहे गए। नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से आज भावुक अंदाज में बिहार की महिलाओं के सामने यह बात कही, उससे एक बात साफ है कि जल्द होने वाले बिहार चुनाव में यह मुद्दा बनेगा। जब-जब विपक्ष ने पीएम मोदी के लिए अपशब्द कहे, यह विपक्ष पर ही भारी पड़ गया। इससे पहले भी मौत का सौदागर, चौकीदार चोर है, चायवाला जैसे अनेक उदाहरण हैं। गुजरात में साल 2002 के दंगों के लिए तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 2007 में गुजरात के तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी करते हुए कहा था कि गुजरात की सरकार चलाने वाले झूठे, बेईमान और मौत के सौदागर हैं। मोदी ने इस बयान को कांग्रेस के खिलाफ हथियार में बदल दिया। यह बयान आज भी कांग्रेस के लिए नासूर के समान है। नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन कांग्रेस का इस बयान से पीछा नहीं छूटा। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के दावेदार थे। वह गुजरात से दिल्ली आ चुके थे। इस चुनाव के दौरान ही कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने नरेंद्र मोदी को चायवाला कहा। नरेंद्र मोदी ने इस बयान को हाथों हाथ लिया और हर चुनावी मंच से अपने आप को चायवाला कहकर संबोधित किया। जनता पर इसका सीधा असर भी हुआ। कांग्रेस की करारी हार हुई। हालांकि आखिरी बार ऐसा नहीं था। मणिशंकर के ऐसे बयान बाद में भी सामने आते रहे, वो एक बार पीएम मोदी को नीच भी कह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है का नारा दिया। पीएम मोदी ने इस नारे का भी इस्तेमाल अपने पक्ष में किया। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल का नाम बदलकर चौकीदार नरेंद्र मोदी कर दिया। कुछ ही समय में उस वक्त मैं भी चौकीदार ट्रेंड करने लगा। चुनाव के नतीजे जब सामने आए तो सबको चौंका दिया। चुनाव परिणाम ने बता दिया कि जनता इस नारे से बहुत नाराज हुई। अब बिहार विस चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहकर राजग को मुद्दा थमा दिया है। जल्द ही बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला है। विपक्ष को यह मुद्दा कितना भारी पड़ता है, इसका असली पता चुनाव नतीजों के बाद ही चलेगा। हालांकि एक बात तो तय हो गई है कि चुनाव में यह मुद्दा जरूर बनने वाला है। भाजपा इसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली।



आत्मनिर्भरता
डॉ. अश्विनी महाजन

# स्वदेशी के साथ आगे बढ़े भारत

यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। वे भारत का संदेश लेकर गए, हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वदेशी को अपनाने का समय आ गया है। जो 'मेक इन इंडिया' से शुरू हुआ, आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में विकसित हुआ, अब स्वदेशी के गहन और समग्र विचार की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक नारा नहीं है। यह एक सभ्यतागत अनिवार्यता है। यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है।

वर्तमान में, हमारे दो-तिहाई से ज़्यादा सौर मॉड्यूल, हमारी 70 प्रतिशत से ज़्यादा दवा सामग्री और अरबों डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सीमा पार से आते हैं। ये सिर्फ़ संख्याएं नहीं हैं, ये कमज़ोरियां हैं। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। उनकी वहां उपस्थिति कोई रियायत नहीं; एक बयान है। भारत बातचीत करेगा, लेकिन स्पष्टता और विश्वास की स्थिति से। बातचीत का मतलब निर्भरता नहीं है। बातचीत का मतलब राष्ट्रीय हितों को कमज़ोर करना नहीं है। संदेश सीधा है: भारत जहां तक संभव हो, सहयोग चाहता है, लेकिन अपनी आर्थिक संप्रभुता से कभी समझौता नहीं करेगा। हाल के अध्ययन, जिनमें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समझ परिषद (सीआइयू ) द्वारा तैयार भारत के भू-आर्थिक ढांचे में चीन अध्ययन के लिए रणनीतिक अनिवार्यता भी शामिल है, इस खतरे को रेखांकित करते हैं। ये अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे चीन का राज्य-प्रधान मॉडल- औद्योगिक अति-क्षमता, डंपिंग, सब्सिडी और वित्तीय इंजीनियरिंग-बाजारों को विकृत करता है और भारत के विनिर्माण आधार के लिए खतरा पैदा करता है। ये अध्ययन फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा में चीनी इनपुट पर हमारी खतरनाक निर्भरता की ओर भी इशारा करते हैं, और चेतावनी देते हैं कि संकट के समय ऐसी महत्वपूर्ण वस्तुओं तक पहुंच को आसानी से हथियार बनाया जा सकता है। देश की करीब 50 स्वदेशी कंपनियां आज भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र में क्रांतिकारी काम कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर में ही भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि कैसे भारत की मिसाइल प्रणाली ने चीन की वायु-रक्षा प्रणाली को परास्त कर डाला था। ये जानकारियां एक बात बिल्कुल स्पष्ट करती हैं कि भारत प्रतिक्रियात्मक रुख नहीं अपना सकता, उसे स्वदेशी पर आधारित एक सक्रिय सिद्धांत अपनाना होगा। चीन के दृष्टिकोण के विपरीत, स्वदेशी साम्राज्यवादी नहीं है। यह ऋण या जबरदस्ती के माध्यम से दूसरों पर हावी होने की कोशिश नहीं करता। हमारा स्वदेशी वसुधैव कुटुम्बकम-दुनिया एक परिवार है-के सिद्धांत पर आधारित है। हमारा दृष्टिकोण देश में आत्मनिर्भरता और विदेश में निष्पक्ष, सहयोगात्मक साझेदारी का है। यह भारत में न केवल अपने लिए बल्कि विश्व के लिए भी उत्पादन करने के बारे में है, जो लचीलेपन और सम्मान को मजबूत करता है। वैश्विक स्तर पर, स्थिति बदल रही है। टैरिफ का हथियारीकरण-जो ट्रम्प की पहली पारी में स्पष्ट हुआ और अब वैश्विक व्यापार का एक अभिन्न अंग बन गया है- ने



सरकारों और व्यवसायों को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। विभिन्न क्षेत्रों में, कंपनियां चीन के विकल्प तलाश रही हैं। जहां कई लोग इसे 'चीन+1' कहते हैं, वहीं भारत को एक बड़े विचार को आगे बढ़ाना होगा : भारत+अनेक। भारत के पास विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और सेवाओं का एक विश्वसनीय केंद्र बनने के लिए पर्याप्त पैमाना, प्रतिभा और सभ्यतागत लोकाचार है। हमें घरेलू क्षमताओं को और मज़बूत करना होगा। सरकार ने पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, हाल ही में शुरू किया गया राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन, और व्यापार धोखाधड़ी को रोकने के लिए नियमों में संशोधन। ये उपाय, आसियान मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के भीतर भारत की पुनर्वार्ता और यूरोपीय संघ के साथ नए जुड़ाव के साथ, व्यापार नीति को राष्ट्रीय हित के अनुरूप बनाने की इच्छा को दर्शाते हैं। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। सीआईईयू अध्ययन सही ही सिफ़ारिश करता है कि भारत को अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निवेश को दोगुना करके सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत करना चाहिए, यह एक आवश्यक कदम है। यदि हमें सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और अगली पीढ़ी की तकनीकों में नवाचार की खाई को पाटना है। यह सरकार के भीतर एक समर्पित चीन आर्थिक जोखिम निगरानी इकाई- जो जोखिमों का पूर्वानुमान लगाने, चीनी प्रथाओं पर नज़र रखने और सक्रिय नीति निर्धारण को सूचित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र- की भी मांग करता है। दोनों ही ज़रूरी और आवश्यक हैं। साथ ही, स्वदेशी सिद्धांत-आधारित साझेदारी का आह्वान करता है। चाहे क्वाड, आसियान, अफ्रीका या लैटिन अमेरिका के माध्यम से, भारत को एक वास्तविक बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था बनाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के साथ काम करना चाहिए। इसी तरह भारत '+1' की परिधि से 'अनेक' के केंद्र की ओर बढ़ सकता है।

जब प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन की यात्रा कर रहे थे, तो वे भारत के वार्ता संबंधी दायित्व से कहीं अधिक लेकर गए। वे भारत का संदेश लेकर गए कि हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है। ऐसे दौर में जब व्यापार हथियार बन गया है और आपूर्ति श्रृंखलाएं युद्धक्षेत्र बन गई हैं, भारत का रुख़ दृढ़ होना चाहिए। हम बातचीत करेंगे, लेकिन हमेशा अपनी शर्तों पर। दुनिया को दूसरे चीन की ज़रूरत नहीं है। दुनिया को भारत की ज़रूरत है, एक ऐसे भारत की जो स्वदेशी में निहित हो और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के मार्ग पर चलता हो।

( लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
अली खान



# तंबाकू सेवन की व्यापकता को रोकने की चुनौती


हाल ही में राष्ट्रीय कैंसर रोधक एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन ने देश में तंबाकू सेवन की भयावह स्थिति को उजागर कर दिया है। अध्ययन में यह सामने आया है कि देशभर के 100 जिलों में तंबाकू का अत्यधिक सेवन हो रहा है, जिनमें से अधिकतर जिले मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों से हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से 68 जिलों में धुआं रहित तंबाकू का सेवन व्यापक रूप से प्रचलित है। धुआं रहित तंबाकू से तात्पर्य ऐसे उत्पादों से है जिन्हें जलाकर धुआं नहीं पैदा किया जाता, बल्कि उन्हें सीधे चबाया, चूसा या मुंह में रखा जाता है। इसमें खैनी, गुटखा, पान मसाला, तंबाकू मिश्रित सुपारी जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। ये उत्पाद जितने सुलभ और सस्ते हैं, उतने ही खतरनाक भी हैं। अध्ययन के मुताबिक, 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 21.4 प्रतिशत लोग धुआं रहित तंबाकू का सेवन करते हैं, जिनमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में काफी ज्यादा है। पुरुषों में यह प्रतिशत लगभग 29.6 और महिलाओं में 12.8 है। यह आंकड़ा इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि तंबाकू की लत समाज में कितनी गहराई तक पैठ बना चुकी है।

खासतौर पर गरीब और अशिक्षित वर्ग, ग्रामीण क्षेत्रों और श्रमिक तबके में इसकी खपत अत्यधिक है। यह वर्ग न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर होता है, बल्कि उन्हें तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों का इलाज कराने में भी अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें मध्य प्रदेश के 15 जिले, उत्तर प्रदेश और बिहार के 11-11 जिले तथा ओडिशा के भी कई जिले इस सूची में शामिल हैं। इन जिलों का चयन यह दर्शाता है कि तंबाकू सेवन केवल किसी एक विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समस्या व्यापक रूप से फैली हुई है। हालांकि, यह बात भी सामने आती है कि जिन जिलों में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और सामाजिक पिछड़ापन ज्यादा है, वहां तंबाकू का सेवन अधिक होता है। लोग तंबाकू को सस्ता और आसानी से उपलब्ध नशा मानते हैं, जिससे वे अस्थायी रूप से तनाव और थकान से मुक्ति पाने की कोशिश करते हैं। परंतु यह राहत बहुत ही क्षणिक होती है और इसके दीर्घकालिक परिणाम बेहद घातक साबित होते हैं। यद्यपि पुरुष उपभोक्ताओं की संख्या महिलाओं से दोगुनी से भी अधिक है, लेकिन महिलाओं में भी यह आदत चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुकी है। ग्रामीण समाज में विशेषकर महिलाएं घरेलू काम के दौरान खैनी या सुपारी के साथ तंबाकू का इस्तेमाल करती हैं। कुछ जगहों पर इसे परंपरा या आदत के रूप में भी देखा जाता है। तम्बाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति केवल स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करती बल्कि सामाजिक और आर्थिक बोझ भी बढ़ाती है। तंबाकू के कारण उत्पन्न बीमारियों के इलाज पर सरकार और आम जनता दोनों को भारी खर्च उठाना पड़ता है। गरीब तबके को इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई बार इलाज के अभाव में लोग असमय ही मौत के मुंह में चले जाते हैं। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी का भी मानना है कि तंबाकू महामारी दुनिया के सामने आने वाले सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। इससे हर साल 80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती हैं। इनमें से 70 लाख से अधिक लोगों की मौतें सीधे तंबाकू के उपयोग का नतीजा हैं, लेकिन लगभग 13 लाख लोगों की मौत सीधे तौर पर धूम्रपान करने के बजाय अन्य लोगों द्वारा धूम्रपान करने से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आने से होती है।

यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, धूम्रपान अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह और पुरानी सांस की बीमारियों का कारण बनता है। ऐसे में तंबाकू का इस्तेमाल स्वास्थ्य संकट को बढ़ा रहा है। हालांकि सरकार ने तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करने के लिए सख्त कानून बनाए हैं। फिर भी इसका प्रचलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। लिहाजा, तंबाकू के सेवन को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई जाए। सबसे पहले शिक्षा और जागरुकता पर जोर देना होगा। दरअसल, तंबाकू से होने वाला नुकसान इतना व्यापक है कि इसे केवल व्यक्तिगत आदत कहकर टाला नहीं जा सकता। यह समस्या सामाजिक स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी हुई है। अगर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो तंबाकू के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। तंबाकू सेवन पर अंकुश लगाना केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की एक अनिवार्य शर्त है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन अशांत हो तो करें इष्टदेव का ध्यान



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं-देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### देवस्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित न करें

सरकार हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित करे। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं। हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सड़के नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

*- मिलिंद जोशी, दुर्ग*

### X ट्रेंड f

#### मां का दुख-दर्द



मेरी मां अब सशरीर इस दुनिया में नहीं है, उसका राजनीति से भी कोई लेना-देना नहीं था। फिर भी जिस प्रकार उसे भद्दी गालियां देकर अपमानित किया गया, उसका दुख-दर्द मुझे बिहार की माताओं-बहनों और बेटियों के आंसुओं में साफ नजर आया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

#### पौधरोपण का संकल्प



प्रतिदिन पौधरोपण का संकल्प माँ समान प्रकृति की सेवा का अभियान है। आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण कर प्रकृति सेवा के अभियान को आगे बढ़ाया। आप भी पौधरोपण अवश्य करें।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

#### सहायता राशि भेजी



पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आई भीषण बारिश व बाढ़ से उत्पन्न हालात बेहद दुखद हैं। इस संकट की घड़ी में हरियाणा सरकार और प्रदेश की जनता प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री राहत कोष से पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए 5-5 करोड़ की सहायता राशि भेजी गई है।

**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

#### पंजाब की मदद करें



पंजाब हमेशा देश के सामने आए किसी भी संकट का डटकर सामना करता रहा है लेकिन आज राज्य खुद संकट में है। मैं सभी देशवासियों से अपील करता हूं कि इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करें।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### करंट अफेयर

## अमेरिका में श्रमिक दिवस पर ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन



अमेरिका के कई शहरों में श्रमिक दिवस पर लोगों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का सड़कों पर उतरकर विरोध किया और श्रमिकों को उचित वेतन दिए जाने की मांग की। शिकागो और न्यूयॉर्क में हुए प्रदर्शनों का आयोजन 'वन फेयर वेज' नामक संगठन ने किया। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य अमेरिका में श्रमिकों की परेशानियों की ओर ध्यान खींचना था, जहां न्यूनतम संघीय मेहनताना 7.25 डॉलर प्रति घंटा है। राष्ट्रपति ट्रंप के न्यूयॉर्क स्थित पूर्व आवास के बाहर ''ट्रंप को अब जाना चाहिए' के नारे गूंजे। वहीं, शिकागो में एक अन्य 'ट्रंप टॉवर' के बाहर प्रदर्शनकारियों ने 'नेशनल गार्ड नहीं चाहिए' और 'उसे जेल में डालो' के नारे लगाए। वॉशिंगटन डी सी और सैन फ्रांसिस्को में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। न्यूयॉर्क में लोग 'ट्रंप टॉवर' के बाहर एकत्रित हुए जो वर्षों से राष्ट्रपति का निवास नहीं होने के बावजूद उनके धन-वैभव का प्रतीक और प्रदर्शनों का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लहराए जिन पर कथित 'फासीवादी शासन' को खत्म करने की मांग लिखी थी। वॉशिंगटन में भी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए।

### ऑफ बीट

## सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है क्या



आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### वीनस महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स ने लैला फर्नांडिज के साथ अमेरिकी ओपन महिला युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वीनस ने अपनी छोटी बहन सेरेना से कहा है कि वह उनका मैच देखने आये। वीनस और लैला ने 12वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा और झांग शुआइ को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा से होगा।

### प्रणव ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की



**फुजैरा।** विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाये और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज और ईरान के अमीन टाबाटाबाइ से एक अंक आगे रहे। अठारह वर्ष के प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया। उन्होंने पांच जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। इस प्रदर्शन के साथ उन्हें 23000 डॉलर और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले। अब वह उजबेकिस्तान के समरकंद में ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट खेलेंगे। वहीं ग्रैंडमास्टर आदित्य मित्तल और शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन 5.5 अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। आदित्य कुल छठे और निहाल 12वें स्थान पर रहे।

### आसिफ अली ने क्रिकेट से की संन्यास की घोषणा



**लाहौर।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ अली ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। फैसलाबाद के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2021 और 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप और 2019 में इंग्लैंड में पुरुष वनडे विश्व कप में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पाकिस्तान की जर्सी पहनने को अपने पेशेवर करियर का 'सबसे गौरवपूर्ण अध्याय' करार दिया।

### वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए पैट कमिंस

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे में खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिससे वह फिलहाल उबर रहे हैं। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिंस अक्टूबर 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा भी नहीं होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि स्कैन में फ्रैक्चर नहीं आया है।

### आशु मलिक ने दिल्ली को बेंगलुरु बुल्स पर सात अंक से जीत दिलाई

**विशाखापत्तनम।** आशु मलिक के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दबंग दिल्ली केसी ने मंगलवार को यहां प्रो कबड्डी लीग में बेंगलुरु बुल्स पर 41-34 से जीत दर्ज की। बुल्स ने अंतिम समय में वापसी की कोशिश की लेकिन आशु (15 अंक) और नीरज नरवाल (सात अंक) के शानदार प्रदर्शन तथा सुरजीत सिंह, फजल अत्राचली और सौरभ नांदल के दमदार डिफेंस ने दिल्ली की जीत पक्की कर दी। अलीरेजा मिर्जायन का सुपर 10 बुल्स के लिए मैच में सकारात्मक पक्ष रहा। दबंग दिल्ली की टीम मध्यांतर तक 21-11 से आगे थी।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 क्रिकेट को कहा अलविदा, टेस्ट और वनडे प्रारूप में खेल रखेंगे जारी

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और टी20 प्रारूप में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इस मौके पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट और वनडे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बचे हुए करियर में टेस्ट प्रारूप में खेलना उनकी प्राथमिकता होगा।



### ऑस्ट्रेलिया से सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज

स्टार्क ने साल 2012 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। 13 वर्ष के लंबे अपने करियर में उन्होंने 65 मैच में 79 विकेट अपने नाम किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/20 का रहा। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज रहे। दूसरे सर्वाधिक विकेट वाले कंगारू तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (73) हैं।

### ओपनिंग गेंदबाज के रूप में चटकाए सर्वाधिक विकेट

स्टार्क ओपनिंग गेंदबाज यानी मैच का पहला या दूसरा ओवर फेंकने वाले खिलाड़ी के रूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। स्टार्क ने 48 मैचों में पहले ओवर और 12 मैचों में दूसरे ओवर में गेंदबाजी करते हुए कुल 73 विकेट लिए। विश्व के गेंदबाजों में टिम साउथी (127) इस सूची में शीर्ष पर हैं।



### एक ओवर में 29 रन का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज

टी-20 विश्व कप 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ सुपर-8 के मुकाबले में स्टार्क के नाम पर एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हुआ था। दरअसल, स्टार्क ने अपने पहले और भारत की पारी के तीसरे ओवर के दौरान कुल 29 रन खर्च किए थे। वह टी-20 विश्व कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे महंगा ओवर फेंकने वाले गेंदबाज हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने उस ओवर में 4 छक्के और 1 चौका लगाया था।

### टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं स्टार्क

*ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में टी-20 विश्व कप का खिताब जीता था। यह कंगारू टीम का टी-20 प्रारूप में पहला आईसीसी खिताब था। उस विश्व विजेता टीम में स्टार्क भी अहम सदस्य थे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने उस संस्करण में अपने सभी 7 मैचों में हिस्सा लिया था, जिसमें कुल 9 विकेट लिए थे। फाइनल में स्टार्क ने खराब प्रदर्शन किया था।*

## सेमीफाइनल मैचों का सीधा प्रसारण नहीं, फाइनल का होगा

# दलीप ट्रॉफी 2025: सेमीफाइनल के मुकाबले कल से फाइनल में पहुंचने चार टीमों के बीच होगी रोमांचक जंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले 4 से 7 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने रविवार को क्वार्टर फाइनल मैचों में पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद इस चरण के लिए क्वालीफाई किया है। अब उनका मुकाबला वेस्ट जोन और साउथ जोन से होगा, जो पिछले साल के फाइनलिस्ट होने के कारण सीधे इस चरण में पहुंची हैं।


### नॉर्थ और सेंट्रल जोन ने बनाया दबदबा

नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पहली पारी में मिली 175 रनों की बढ़त से अगले चरण में प्रवेश किया। टीम के कप्तान अंकित कुमार, यश दुल और आयुष बदोनी ने शतक जड़े। औकीब नबी ने हैट्रिक हासिल की। सेंट्रल जोन ने भी नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में मिली 347 रन की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दानिश मालेवार (203), रजत पाटीदार (125) और शुभम शर्मा (125) ने शतक जड़े।

### ऐसा है सेमीफाइनल का शेड्यूल

सेमीफाइनल मैचों में नॉर्थ जोन का मुकाबला साउथ जोन से सीओई ग्राउंड 1 पर होगा, जबकि वेस्ट जोन का मुकाबला सेंट्रल जोन से ग्राउंड 2 पर होगा। दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मैचों का सीधा प्रसारण नहीं किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के केवल फाइनल मुकाबले की ही लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। हालांकि, प्रशंसक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दोनों मैचों का लाइव स्कोरकार्ड देख सकते हैं।







### नॉर्थ और साउथ जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

नॉर्थ जोन के औकिब नबी ने क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन के खिलाफ 5 विकेट झटके हैं। उनके स्पेल में एक डबल हैट्रिक (लगातार चार गेंदों पर 4 विकेट) भी शामिल थी। बदोनी ने पहली पारी में 63 और दूसरी पारी में नाबाद 204 रन की पारी खेली। दक्षिण जोन के देवदत्त पडिक्कल बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 41.39 की औसत से 2,815 प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं। गुरजपनीत सिंह ने 2024-25 रणजी ट्रॉफी में 13 विकेट चटकाए थे।

### पश्चिम और सेंट्रल जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

क्वार्टर फाइनल के पहले दिन सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने 125 रनों की तेज पारी खेली और दूसरी पारी में भी 66 रन बनाए। यश राठौड़ ने भी 2 अर्धशतकों (87 और 78) के साथ मजबूती प्रदान की। वेस्ट जोन से श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 2024/25 रणजी ट्रॉफी में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल के ऊपर वेस्ट जोन को बतौर सलामी बल्लेबाज बेहतर शुरुआत देने की जिम्मेदारी होगी।

### टीमें इस प्रकार

**वेस्ट जोन की टीम:** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे, अर्जन नागवासवाला।

**साउथ जोन की टीम:** मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीसन, त्रिपुराना विजय, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैश्यक, निधिश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, स्नेहल कौथंकर, अंकित शर्मा, शेख रशीद।

**नॉर्थ जोन की टीम:** अंकित कुमार (कप्तान), शुभम खजूरिया, आयुष बदोनी, यश दुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वधावन।

**सेंट्रल जोन की टीम:** ध्रुव जुरेल (कप्तान/विकेटकीपर), रजत पाटीदार , आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर , सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद।

## एशिया कप हॉकी

# पांच बार की चैंपियन कोरिया से भारत का मुकाबला आज



एजेंसी ▶▶| राजगीर

पूल चरण में अपराजेय रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय हॉकी टीम को एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में आज बुधवार को पांच बार की चैम्पियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा।

भारतीय टीम पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 और कजाखस्तान को 15-0 से हराया। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। खिलाड़ी लय में है और हम यही चाहते हैं। सुपर 4 के मैच शाम को 7.30 बजे से होंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है।

### सुपर चरण 4 सभी टीमों की नई शुरूआत

सुपर 4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलेशिया) के लिये नयी शुरूआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनायेंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया का सामना चीन से होगा ।

### इस प्रकार हैं दोनों की टीमें

**भारत :** सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक (गोलकीपर) हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) , अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह , मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल , हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।

**कोरिया :** डी अंग (गोलकीपर), जिहुन यांग, चियोलियोन पार्क, जिनकांग रिम, डेन सोन, जुंगजुन ली (कप्तान), जोंगसुक बाए, सियोग ओह, जेवोन सिम, सुंगह्युन बाएक, सूंग मिन बाए, जाएहान किम, जियोनहो जिन, हियोनहोंग किम, सियुंगवू ली, मिन सू चियोन, यूनहू कोंग, येसियुंग ली।

## त्रिकोणीय सीरीज

# राशिद ने रचा इतिहास, बने टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज



एजेंसी ▶▶| शारजाह

अफगानिस्तान ने शारजाह में खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के मुकाबले में यूएई को 38 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में कप्तान राशिद खान ने एक बार फिर कमाल दिखाया। उन्होंने तीन अहम विकेट लेकर न सिर्फ टीम को जीत दिलाई बल्कि टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा 165 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउथी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 164 विकेट लिए थे।

### शानदार रहा राशिद का करियर

*रिपोर्ट के अनुसार, साउथी ने 126 मैच खेले थे, जबकि राशिद अपने 98वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही उनसे आगे निकल गए। राशिद ने 2 बार पारी में 5 विकेट हॉल भी लिए हैं। उन्होंने अब तक 18 टीमों के खिलाफ मैच खेला है। इस बीच उन्होंने अफगानिस्तान के लिए कुल 163 विकेट और 2018 में लॉर्ड्स के मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी विश्व एकादश के लिए 2 विकेट लिए हैं। बतौर कप्तान अब उनके नाम 52 विकेट हैं।*

### सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी औसत वाले गेंदबाज

राशिद के अब तक के टी-20 अंतरराष्ट्रीय में इकॉनमी रेट 6.07 है। कम से कम 100 टी-20 मैच खेलने वाले किसी भी अन्य पूर्णकालिक टीम के गेंदबाज की इकॉनमी 6.8 से कम नहीं है। राशिद का औसत (13.62) भी इस सूची में सर्वश्रेष्ठ है। बता दें कि न्यूनतम 100 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा और आयरलैंड के मार्क अडायर का औसत 20 से कम है।

### सर्वाधिक पारियों में लिए हैं 4 विकेट

राशिद ने 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (8) और पाकिस्तान के उमर गुल (6) ही ऐसे अन्य गेंदबाज हैं जिन्होंने 5 बार चार या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। राशिद कप्तान के तौर पर 50 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले पहले पूर्ण सदस्य गेंदबाज हैं।

## महान आर्यमन बने एमपीसीए के सबसे युवा अध्यक्ष



**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महान आर्यमन सिंधिया ने मंगलवार को मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा खिलाड़ियों और महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है। एमपीसीए चुनावों में अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है और पूरी कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई है। महान आर्यमन (29) ने वर्ष 1957 में स्थापित एमपीसीए के इतिहास के सबसे युवा अध्यक्ष के रूप में इस संगठन की बागडोर संभाली है।

### मेरे लिए यह बेहद भावुक पल : महान आर्यमन

एमपीसीए अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद महान आर्यमन ने संवाददाताओं से कहा यह मेरे लिए बेहद भावुक पल है क्योंकि मेरे दिवंगत दादा माधवराव सिंधिया और मेरे पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी एमपीसीए अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने कहा एमपीसीए देश का इकलौता राज्य क्रिकेट संघ है जहां पारिवारिक माहौल में चुनाव होते हैं। मैं खुश हूं कि एमपीसीए परिवार ने मुझ पर भी इस जिम्मेदारी के लिए भरोसा जताया है।

# विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक की कर दी भरपाई : चिराग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन टीम के सदस्य चिराग शेट्टी ने कहा कि हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से एक साल पहले इसी शहर में ओलंपिक खेलों में पोडियम तक नहीं पहुंच पाने की काफी हद तक भरपाई कर दी। चिराग और लंबे समय से उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल का कांस्य पदक जीता।

दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फ़ाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक हासिल किया। भारत की इस जोड़ी का पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना सेमीफाइनल में चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी से हार के साथ टूट गया।



### सही रणनीति के खेल से मिली विजय: चिराग


चिराग ने साक्षात्कार में कहा, "मुझे लगता है कि आरोन और सोह के खिलाफ जीत निश्चित रूप से बहुत खास है। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि अगर हम सही रणनीति के साथ खेलें तो हम किसी को भी हरा सकते हैं। हाल ही में उनके खिलाफ हमारा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा था। विशेष कर ओलंपिक खेलों में जहां हमें उनके हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा हम ओलंपिक में उसी कोर्ट पर उनसे हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ जीत वास्तव में खास थी। कांस्य पदक जीतने के साथ ही सात्विक और चिराग विश्व चैंपियनशिप में एक से अधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। साइना नेहवाल ने विश्व चैंपियनशिप में दो जबकि पीवी सिंधू ने पांच पदक जीते हैं।

## विश्व कप क्वालीफायर में वेनेजुएला के खिलाफ मुकाबला 4 सितंबर को

# मेसी लेने वाले हैं संन्यास...!, कल हो सकता है बड़ा ऐलान

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

फुटबॉल प्रेमियों के लिए जल्द ही भावुक पल आ सकता है। अर्जेंटीना के 38 वर्षीय लीजेंड लियोनेल मेसी ने इशारों में अपने संन्यास के बारे में बता दिया है। उन्होंने बताया है कि उनका अंतरराष्ट्रीय सफर अब अंतिम मोड़ आ चुका है। उन्होंने संकेत दिया कि 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल में वेनेजुएला के खिलाफ होने वाला विश्व कप क्वालीफायर मुकाबला उनका आखिरी घरेलू मैच बन सकता है।



### मेसी का शानदार क्वालीफायर रिकॉर्ड

अब तक मेसी ने 193 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों में 31 गोल किए हैं। 2022 में कतर में आयोजित विश्व कप जीतकर उन्होंने अर्जेंटीना को 36 साल बाद एक बार फिर विश्व चैंपियन बनाया। यह उपलब्धि उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक मानी जाती है।

### क्वालीफाई कर टॉप पर है अर्जेंटीना

वर्ष 2026 फीफा विश्व कप के लिए अर्जेंटीना पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। टीम 35 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर तालिका में शीर्ष पर है। ऐसे में यह मैच अर्जेंटीना के लिए केवल औपचारिकता भर है, लेकिन मेसी और उनके प्रशंसकों के लिए यह एक यादगार और भावुक विदाई का क्षण बन सकता है।

### परिवार के सामने मैदान पर होंगे मेसी

मीडिया से बात करते हुए लियोनेल मेसी ने कहा, "यह मेरे लिए बेहद खास मैच होगा। यह मेरा आखिरी क्वालीफायर मैच हो सकता है। मुझे नहीं पता कि इसके बाद कोई मैत्रीपूर्ण या अन्य मैच होंगे या नहीं लेकिन इस दौरान उनकी पत्नी, बच्चे, माता-पिता, भाई-बहन और पत्नी के सभी रिश्तेदार इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने स्टेडियम में मौजूद रहेंगे।

### विदेशी मैदान पर एक और मैच संभव

मेसी 9 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ एक और क्वालीफायर मैच खेल सकते हैं, लेकिन वह मैच विदेश में होगा। इसलिए 4 सितंबर का मैच शायद आखिरी मौका होगा जब अर्जेंटीनी दर्शक अपने महानायक को अपने देश में एक प्रतिस्पर्धात्मक अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलते हुए देख सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### जर्मन के विदेश मंत्री जोहान बेंगलुरु पहुंचे



**बेंगलुरु।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल मंगलवार सुबह भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत बेंगलुरु पहुंच गए हैं। उनका यह दौरा भारत-जर्मनी संबंधों के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है। बतौर विदेश मंत्री वाडेफुल का यह पहला भारत दौरा है। वाडेफुल ने भारत को 'इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार' बताते हुए द्विपक्षीय सहयोग की गहराई और व्यापकता पर प्रकाश डाला।

### बहरापन, मिर्गी, त्वचा विकार दिव्यांगता से बाहर



**नई दिल्ली।** सरकार की उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समिति ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत निर्दिष्ट दिव्यांगता की सूची में अस्थमा, मिर्गी और एक कान का बहरापन सहित नौ नई चिकित्सा स्थितियों को शामिल करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। नौ स्थितियां पामोप्लांटार केराटोडर्मा, एक कान का बहरापन, मिर्गी, फैक्टर-13 की कमी आदि को सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया गया था।

पाक रक्षा मंत्री की बेतुकी सलाह

## बाढ़ अल्लाह की रहमत, बाल्टियों में भर लें पानी और रखें सुरक्षित



**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं, सैकड़ों गांव पानी में डूब गए हैं और राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने विवादित बयान देते हुए कहा कि यह बाढ़ अल्लाह की देन है। उन्होंने हम पाकिस्तानियों पर अपनी रहमत दिखाई है। ये पानी उन्होंने हमें अपने लोगों को बचाने के लिए दिया है। लोगों को चाहिए कि वे इस पानी को सुरक्षित तरीके से घरों की बाल्टी-टब में जमा करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के बजाय बाढ़ के पानी को टब और बाल्टियों में भरकर सुरक्षित रखना चाहिए। इसे अल्लाह की भेजी हुई रहमत बताते हुए उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील की। उनके इस बयान ने पाकिस्तान में बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने इसे बेतुका और संवेदनहीन बताया है।

**854 से अधिक लोग मरे**

पाकिस्तान के कई प्रांतों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं और लाखों लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। खेती-बाड़ी को भारी नुकसान हुआ है और पशुधन बह जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है। आपदा प्रबंधन एजेंसियां लगातार राहत सामग्री पहुंचा रही हैं। इस साल 26 जून तक पूरे पाकिस्तान में 854 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

**जनता ने जाहिर की नाराजगी**

*ख्वाजा आसिफ के बयान पर विपक्षी नेताओं ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। उनका कहना है कि सरकार को लोगों की मदद के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, न कि ऐसी बयानबाजी करनी चाहिए जो पीड़ा को और बढ़ाए। कई सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार उनकी तकलीफ समझने के बजाए उपदेश दे रही है।*

इसरो और सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी चंडीगढ़ द्वारा विकसित की गई चिप

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च, सैटेलाइट मिशन होंगे मजबूत

*यह चिप लॉन्च व्हीकल्स को नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट में मजबूती देगा*

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। तीन दिन चलने वाले सेमिकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रोसेसर लॉन्च के साथ ही सरकार ने बताया कि देश में 5 नए सेमीकंडक्टर यूनिट्स का निर्माण हो रहा है। डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत भारत अब वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थान बनाने की ओर बढ़ रहा है। स्पेस-ग्रेड प्रोसेसर आमतौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं होते और इन्हें विदेशों से आयात करना पड़ता है। 'विक्रम 3201' के साथ भारत ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। इससे सप्लाई चेन बाधाओं और आयात निर्भरता में कमी आएगी।



**क्यों खास है विक्रम 3201**

*यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी माइनस 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर प्लस 125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे।*

**क्यों खास है विक्रम...**

2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553 बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीएमओएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है।

सरकार ने 76,000 करोड़ प्रोत्साहन को दी मंजूरी

65,000 करोड़ मोहाली में सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला के

### 'आईएसएम 2.0' सेमीकंडक्टर भागीदारों को भी शामिल करेगा : अश्विनी वैष्णव

*केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के दूसरे संस्करण में न केवल चिप विनिर्माताओं, बल्कि उनके उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भागीदारों को भी शामिल किया जाएगा। वैष्णव ने सेमीकॉन इंडिया-2025 में संवाददाताओं से कहा कि प्रोत्साहनों का एक बड़ा हिस्सा उत्पाद विकास के लिए निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''देश में उत्पादन श्रृंखला के भागीदारों का आना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यही स्थायी वृद्धि का रास्ता है।' मंत्री ने कहा, 'सभी क्षेत्रों को शामिल करने की जरूरत है। हम इसी नजरिये को आगे बढ़ाएंगे और उपकरण निर्माताओं, सामग्री निर्माताओं और अन्य सभी भागीदारों की भरपूर सहायता करेंगे।' भारत सेमीकंडक्टर मिशन के पहले संस्करण के तहत सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन को मंजूरी दी थी। वहीं 65,000 करोड़ मोहाली में सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला के लिए दिए हैं।*

## केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रहे माओवादी विरोधी अभियानों, उनकी उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से भी मिले एवं उनके साहस और पराक्रम की सराहना करते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया। बैठक में उनके साथ छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

## बलूचिस्तान में राजनीतिक रैली में आत्मघाती हमला, 11 लोगों की मौत

**क्वेटा (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में राजनीतिक रैली के दौरान आत्मघाती हमला हुआ। इसमें हमलावर समेत 11 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बलूचिस्तान के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को क्वेटा में एक राष्ट्रवादी नेता की पुण्यतिथि पर एक स्टेडियम में रैली का आयोजन किया गया था। इसमें बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) के सैकड़ों सदस्य इकट्ठा हुए थे। स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में हुए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि 18 लोग घायल हो गए।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, आखिरकार भारत और अमेरिका समाधान निकाल लेंगे।

## एससीओ में भारत, चीन, रूस के दिग्गज नेताओं की एकता देख हक्का-बक्का रह गया अमेरिका

**नई दिल्ली (ब्यूरो )।** तियानजिन में हालिया संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में दिखाई पड़ी भारत, चीन और रूस के शीर्ष नेताओं की जुगलबंदी से सबसे ज्यादा खलबली अमेरिका में मची हुई है। न केवल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इससे परेशान हैं। बल्कि उनके करीबी प्रशासनिक अधिकारियों के माथे पर भी चीन से आई तस्वीरों से बल पड़ गए हैं। जिसका प्रमाण अपने ताजा बयानों से अमेरिकी सरकार में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने दिया है। स्कॉट बेसेंट का कहना है कि अंत में भारत और अमेरिका जैसे दो महान देश इसका हल निकाल लेंगे। क्योंकि दिल्ली के मूल्य चीन और रूस की जगह पर हमसे बहुत अधिक निकटता रखते हैं। उन्होंने ये भी संकेत दिए कि अमेरिका का ट्रंप प्रशासन रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। जबकि नवारो ने कहा कि भारत को अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के ज्यादा करीब होना चाहिए। न कि रूस के। गौरतलब है कि अमेरिका ने नई दिल्ली पर यूक्रेन युद्ध के बीच दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें रूस से तेल खरीद का भाग 25 फीसदी है। बीते महीने के अंत में यानी 27 अगस्त से अमेरिका भारत से पूरा 50 फीसदी टैरिफ वसूल कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का दावा

## टिकाऊ विकास के लिए भारत का ग्रीन डेवलपमेंट मॉडल बना वैश्विक उदाहरण

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत का विकास मॉडल आर्थिक प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन पर आधारित है। उन्होंने बताया कि भारत ने टिकाऊ विकास को केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि जीवनशैली के रूप में अपनाया है। इससे न केवल आर्थिक वृद्धि होगी बल्कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पर्यावरण के बीच संतुलन भी सुनिश्चित होगा। केंद्रीय मंत्री ने यह बातें 20वें ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी समिट को संबोधित करने के दौरान कहीं, इस दौरान उन्होंने भारत की पर्यावरणीय नीतियों और सतत विकास के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रालय ने हाल ही में टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए कई अहम सूचनाएं जारी की हैं। वैश्विक व्यापार तनाव, नीतिगत अनिश्चितता, भू-राजनीतिक संघर्ष और बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा निवेश में आ रही बाधाएं एक नाजुक माहौल बना रही हैं।

ट्रंप को सताई इजराइल की चिंता

## बोले- गाजा में जीत रहे हैं, लेकिन इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजराइल गाजा का युद्ध जीत रहा है। लेकिन उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। ट्रंप ने कहा कि पब्लिक रिलेशंस की दुनिया में इजराइल की लॉबी को काफी नुकसान पहुंचा है।

अमेरिकी कांग्रेस में भी कांग्रेस का नियंत्रण कम होता जा रहा है। अगर आप 20 साल पहले जाएं तो कांग्रेस में इजराइल की लॉबी काफी मजबूत थी। ट्रंप ने कहा कि एक समय था कि अगर किसी को पॉलिटिशियन बनना है तो उसे इजराइल के बारे में बोलने से बचना होता था। इसके साथ ही उन्होंने सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमले को भी याद किया। उन्होंने कहा कि यह एक विध्वंसक दिन था। उन्होंने जोर दिया कि इजराइल को इस युद्ध से उबरना होगा। यह जेरुसलम को नुकसान पहुंचा रहा है।

गुरुवार को होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक

## भारत के तीन दिवसीय दौरे पर सिंगापुर के प्रधानमंत्री, होंगे पांच समझौते!

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली**



अमेरिकी टैरिफ की वजह से दुनिया में बनी हुई अस्थिरता के बीच सिंगापुर के प्रधानमंत्री लारेंस वांग की मंगलवार से भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू होगी। गुरुवार (4 सितंबर) को नई दिल्ली में पीएम मोदी के साथ वांग की एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े मुद्दों, आर्थिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करने सहित साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दो सितंबर को जारी किए एक बयान के जरिए दी है। जिसमें बताया कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री के रूप में वांग का यह पहला भारत दौरा है। जिसमें उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लारेंस वांग, सिंगापुर की कैबिनेट के कुछ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल रहेगा। पीएम मोदी के अलावा देश में सिंगापुर के प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात होगी। पिछले साल सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर की यात्रा की थी। जिसके साथ ही दोनों देशों के संबंध व्यापक रणनीतिक भागीदारी के स्तर तक जा पहुंचे थे।

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का बड़ा खुलासा

यूरोपीयन देशों संग एफटीए पर बातचीत अग्रिम चरण में

## ट्रंप के साथ ट्रेड डील पर बात जारी, पांच दौर की वार्ता पूरी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



**चीन के साथ सीमा मुद्दा सुलझाते ही तनाव और कम होगा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने यहां एक उद्योग संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अब तक बहुत कुछ हुआ है और अभी बहुत कुछ होना बाकी है।

हम बीटीए के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है जो 25 अगस्त से शुरू होने वाली थी। अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है।

**कई देशों के साथ एफटीए पर समझौता किया**

*केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत पहले ही आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मारीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अग्रिम चरण में है। उन्होंने कहा कि हम बहुत सक्रिय और महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल इस समझौते पर यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए ब्रसेल्स में हैं।*

**पटरी पर लौट रहे हैं भारत-चीन संबंध**

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे तनाव कम होता जाएगा। उन्होंने कहा कि चीन के साथ सीमा मुद्दों का समाधान होने के साथ ही स्थिति का सामान्य होना एक बहुत ही स्वाभाविक परिणाम है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25